door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 23 | गुवाहाटी | मंगलवार, 20 अगस्त, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बिना किसी की सरकार नहीं बनेगी : जी किशन रेड्डी पेज 2
असम के 11 शहरों के मास्टर प्लान को मंजूरी पेज 3
काले हिरण का शव रखकर धरने पर बैठा बिश्नोई समाज, सड़क जाम की पेज 5
इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया 171 रनों से हराया पेज 7

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

**सुप्रभात**

*संकट में बुद्धि भी काम नहीं आती है।*

\- आचार्य चाणक्य

## न्यूज गैलरी

### उधमपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, जवान शहीद

**जम्मू ( हि.स. )।** जम्मू संभाग के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में सोमवार को सुरक्षाबलों के एक गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर बलिदान हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के सुदूर डुडू इलाके में दोपहर बाद आतंकवादियों ने स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ ही सीआरपीएफ के एक संयुक्त गश्ती दल -शेष पृष्ठ दो पर

### तिब्बती बहनों ने सरसंघचालक को बांधी राखी

**नागपुर ( हि.स. )।** तिब्बती समाज की बहनों ने यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय में रक्षाबंधन उत्सव मनाया। तिब्बती महिलाओं ने सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत को रक्षासूत्र बांधा। सोमवार को राखी पूर्णिमा के दिन रीजनल तिब्बतन एसोसिएशन की मिगमार, कुनसांग पालको तथा त्सुलट्रीम आदि इन बहनें नागपुर के महल इलाके में स्थित संघ मुख्यालय पहुंची। यहां -शेष पृष्ठ दो पर

# सिटी सेंटर मॉल को बम से उड़ाने की धमकी



फोटो : दशरथ डेका

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी के मध्य में स्थित एक पॉश मॉल के अधिकारियों को सोमवार को एक अज्ञात संगठन से बम की धमकी मिली, जिसके बाद शॉपिंग क्षेत्र को खाली करा दिया गया। राज्य सचिवालय के नजदीक स्थित सिटी सेंटर मॉल को शाम करीब चार बजे खाली करा लिया गया। अधिकारियों ने शुरुआत में अचानक बंद होने का कारण *तकनीकी समस्या* बताया था। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मॉल के अधिकारियों को परिसर में बम होने के बारे में एक ईमेल मिला था। उन्होंने कहा कि मेल पूरे भारत में 75 स्थानों पर भेजा गया था। हमें पता चला कि एड्रेस बार में कुल 75 प्राप्तकर्ता थे। इसमें मॉल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उन्होंने कहा कि हम इस खतरे को हल्के में नहीं ले सकते थे और मॉल से आगंतुकों को बाहर निकाल दिया। बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान जारी है। अभी तक कुछ भी नहीं मिला है। यह घटना प्रतिबंधित अल्फा (आई) द्वारा गुवाहाटी के कई स्थानों सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में 24 बम लगाने की घोषणा के चार दिन बाद हुई। पिछले दो दिनों में गुवाहाटी में चार सहित दस -शेष पृष्ठ दो पर

## रक्षाबंधन पर वृद्धाश्रम की सभी महिलाओं के लिए सीएम ने की बड़ी घोषणा



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को वृद्धाश्रम में रहने वाली वृद्ध महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने इस वृद्धाश्रम में रहने वाली सभी बुजुर्ग महिलाओं को अरुणोदय योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का एलान किया। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ शर्मा गुवाहाटी के सोनापुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्ग महिलाओं से राखी बंधवाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं को आज से ही अरुणोदय योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में बंद होंगे 161 स्कूल, शिक्षा-क्षेत्र योजना के तहत होंगे विलय

**गुवाहाटी।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने सोमवार को असम के 161 स्कूलों के नामों की घोषणा की जिन्हें स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। इन 161 स्कूलों को *शिक्षा-क्षेत्र* योजना के तहत समामेलित या विलय किया जाएगा। घोषित नोटिस के अनुसार, 17 जिलों में 161 स्कूलों को निकटवर्ती अन्य स्कूलों में विलय किया जाएगा। माजुली में कुल 31, बंगाईगांव में 14, लखीमपुर में 19, हैलाकांदी में 10, बरपेटा में 6, नगांव में 7, नलबाड़ी -शेष पृष्ठ दो पर

*शिवसागर मामले में अल्फा ( स्वा. ) की एंट्री*

## गौरव सोमानी से एफआईआर वापस लेने आग्रह किया

**शिवसागर।** बीर लचित सेना के फायरब्रांड नेता शृंखल चालिहा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद ऊपरी असम के शिवसागर में तनाव व्याप्त हो गया। गौरव सोमानी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में चालिहा पर राज्य में रहने वाले मारवाड़ी, भोजपुरी और बंगाली समुदायों को निशाना बनाकर भड़काऊ और धमकी भरे बयान देने का आरोप लगाया गया है। कानूनी कार्यवाही से विचलित हुए बिना, शृंखल चालिहा ने स्वदेशी असमिया अधिकारों की अपनी कथित वकालत के लिए कारावास का सामना करने की कसम खाई है। उन्होंने गैर-असमिया व्यक्ति द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर विचार करने के लिए दिसपुर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र को भी चुनौती दी है। शिकायत पर चिंता व्यक्त करते हुए, अल्फा (आई) ने सोमानी से इसे वापस लेने का आग्रह किया है। एक बयान में, समूह ने चेतावनी दी कि यदि एफआईआर वापस नहीं ली -शेष पृष्ठ दो पर

*गौरव गोगोई ने मुख्यमंत्री पर साधा निशाना, कहा-*

## राजनीति का मतलब परिवार के लिए चाय बागान खरीदना नहीं



**गुवाहाटी।** कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर सीधा हमला करते हुए उन पर चाय बागान खरीदकर अपने परिवार के हितों को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया। गोगोई ने संवाददाताओं से कहा कि राजनीति का मतलब परिवार के लिए चाय बागान खरीदना और बेटे को कंपनी का मालिक बनाना नहीं है। असम के लोग इस तरह की राजनीति पसंद नहीं करते हैं, जिसमें परिवार के लिए 90 प्रतिशत संपत्तियां हासिल कर ली जाती हैं और नागरिकों को केवल 10 प्रतिशत दिया जाता है। श्री गोगोई ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भी इस तरह की राजनीति पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने सलाह दी कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में मिली हार से सबक लेकर अपनी राजनीति में कुछ बदलाव लाना चाहिए। यह दावा करते हुए कि असम के लोग अब कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

## केंद्र ने सभी सरकारी अस्पतालों में 25 प्रतिशत सुरक्षा बढ़ाने का जारी किया आदेश, मार्शल भी किए जाएंगे तैनात




कोलकाता बलात्कार और हत्या मामले पर भारी विरोध प्रदर्शन के बीच, केंद्र ने सोमवार को केंद्र सरकार के सभी मेडिकल अस्पतालों में सुरक्षा 25 प्रतिशत बढ़ाने का आदेश जारी किया। केंद्र ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अस्पतालों में जरूरत के हिसाब से मार्शल भी बढ़ाए जाएंगे। डीजीएचएस की अध्यक्षता में एक कमेटी बनेगी जो डॉक्टरों की समस्याओं पर सुझाव लेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि डॉक्टरों की बुनियादी समस्याओं जैसे रेस्ट रूम, सीसीटीवी सुविधाओं को ठीक किया जाएगा और हिंसा की स्थिति में 6 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया गया। यह कहते हुए कि 26 राज्यों में स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की सुरक्षा के लिए पहले से ही कानून हैं, उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार केंद्र सरकार के अस्पतालों में सुरक्षा कर्मियों को 25 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्शलों की संख्या बढ़ाई जाएगी और इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। अदालत इस मामले पर मंगलवार को -शेष पृष्ठ दो पर

## आंध्र प्रदेश : फूड प्वाइजनिंग से स्कूल के चार बच्चों की मौत, सात गंभीर



**विशाखापटनम ( हि.स. )।** आंध्र प्रदेश राज्य के अनाकापल्ली जिले के कोटावुतला मंडल के कैलासपट्टनम में रविवार शाम को एक विद्यालय के कई बच्चे छात्र गंभीर रूप से बीमार पड़ गये। इन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान बीमार बच्चों में चार की मौत हो गई। गंभीर रूप से बीमार छात्रों में से सात की हालत अभी भी गंभीर है। डिप्टी डीईओ ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। कैलासपट्टनम के एक आश्रम के 86 छात्र एक संस्था के माध्यम से मुफ्त आवास की सुविधा वाले सरकारी स्कूल में -शेष पृष्ठ दो पर

## उदयपुर : सहपाठी के चाकूवार में घायल छात्र देवराज की मौत

*शहर में तनाव को देखते हुए इन्टरनेट सेवाएं निलंबित*

**उदयपुर ( हि.स. )।** शहर के भट्टियानी चौहट्टा स्थित स्कूल में शुक्रवार को हुई सहपाठी के चाकूवार में गंभीर घायल 10वीं के छात्र देवराज ने सोमवार शाम को दम तोड़ दिया। राखी के दिन दोपहर में बहन सुहानी और चचेरी बहनों ने अस्पताल में उपचाररत भाई देवराज को राखी भी बांधी, लेकिन देवराज राखी की डोर छोड़ चला। शहर में तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की अवधि मंगलवार तक के लिए बड़ादी गई है। देवराज की मृत्यु की बात फैलते ही शहर के बाजार बंद होते गए। लोग अस्पताल की ओर बढ़ने लगे, जब अस्पताल में भीड़ बढ़ने लगी तब पुलिस ने अस्पताल के सभी द्वार बंद कर दिए।



द्वार पर एकत्र होने वालों को भी लगातार खदेड़ा गया। अस्पताल पहुंचे युवाओं ने इमरजेंसी के गेट के सामने नारेबाजी की। समाज और संगठनों की ओर से उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए 1 करोड़ रुपए, सरकारी नौकरी और परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की। मांग पूरी नहीं होने तक उन्होंने शव लेने से इनकार कर दिया। मृतक देवराज की मां का रो—रोकर बुरा हाल हो गया। वह चीख-चीख कर कह रही थी कि हत्यारे को फांसी दो। इस दौरान संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट, कलक्टर अरविंद पोसवाल, एसपी योगेश गोयल, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर ताराचंद जैन व अन्य -शेष पृष्ठ दो पर


## लेटरल एंट्री के पक्ष में नहीं चिराग पासवान



**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग (पीएससी) की सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे पर विपक्ष केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमलावर है। इस बीच केंद्र में भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन में शामिल एलजेपी (आर) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी लेटरल एंट्री विवाद पर बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी लेटरल एंट्री के पक्ष में नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि वो इस मुद्दे को सरकार के सामने उठाएंगे। मेरी पार्टी इस तरह की नियुक्तियों को लेकर अपनी सोच को स्पष्ट रखती है। कहीं पर भी सरकारी नियुक्तियां अगर होती है तो उसमें आरक्षण के -शेष पृष्ठ दो पर


*एनसी ने जारी किया घोषणापत्र, उमर अब्दुल्ला बोले-*

## अनुच्छेद 370 और 35ए को करेंगे बहाल



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। यह दस्तावेज पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला द्वारा एक प्रेस वार्ता के दौरान घोषणापत्र समिति के सदस्यों सहित वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में जारी किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चुनाव का दस्तावेज नहीं है। जब सभी इसे पढ़ेंगे तो समझेंगे कि यह पूरी तरह शासन-प्रशासन का एजेंडा है। यह पांच साल का रोडमैप है और इसे लागू करने से जम्मू-कश्मीर में बदलाव आएगा। पहले भी कई लोगों ने बदलाव की बात की, लेकिन हमें केवल धोखा मिला। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बेरोजगारी की स्थिति हम सभी जानते हैं। भर्ती प्रक्रिया में धोखाधड़ी हुई और युवाओं को नौकरी नहीं मिली। हम युवाओं से व्यापक वादे कर रहे -शेष पृष्ठ दो पर

## देश के 95 शहरों की हवा हुई साफ, वाराणसी समेत 21 सिटी में सबसे अधिक सुधार : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** जहरीली हवाओं से भले ही अब भी लोगों का दम घुटता है, लेकिन वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का दावा है कि देश के कई हिस्सों में हवाएं पहले के मुकाबले काफी साफ हुई है। मंत्रालय ने इसे लेकर एक रिपोर्ट भी जारी की है। जिसके तहत देश के 95 शहरों में वायु गुणवत्ता पहले के मुकाबले ठीक हुई है। इनमें से वाराणसी,लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, देहरादून, धनबाद व ग्रेटर मुंबई जैसे 21 शहरों में वायु गुणवत्ता में यह सुधार 40 प्रतिशत से भी अधिक हुआ है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर छेड़े गए अभियान में जल्द ही बाकी शहरों में भी सुधार की उम्मीद जताई गई है। वायु गुणवत्ता में सुधार को लेकर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की यह रिपोर्ट वैसे तो राहत देने वाली है, लेकिन अगले महीने से खराब हवाओं का शुरू होना वाला दौर चिंताएं बढ़ाने वाला भी है। जिसमें दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत की हवाएं जहरीली हो जाती है। लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# जम्मू-कश्मीर में भाजपा के बिना किसी की सरकार नहीं बनेगी : जी किशन रेड्डी





**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियों ने तैयीरियां शुरू कर दी है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां पहली बार विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा चुनाव को लेकर लगातार कई अहम बैठक कर रही है। इन बैठकों की अगुवाई जी किशन रेड्डी कर रहे हैं। रेड्डी को हाल ही में भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया है। मीडिया से बात करते हुए रेड्डी ने कैंडिडेट सेलेक्शन और भाजपा मेनिफेस्टो को लेकर कई बड़ी कही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिना भाजपा के जम्मू-कश्मीर में सरकार नहीं बनेगी। हमें उम्मीद है कि भाजपा की सरकार जम्मू-कश्मीर में भाजपा की सकरकार बनने जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि हम कैंडिडेट सिलेक्शन का पैनल तैयार कर रहे हैं और दिल्ली पार्लियामेंट बोर्ड के सामने इसे मंगलवार को रखा जाएगा। मेनिफेस्टो के सवाव पर उन्होंने कहा कि पार्टी के मेनिफेस्टो में हर वर्ग के लोगों के लिए कुछ ना कुछ रखा गया है। इसेक साथ ही उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि घाटी में भाजपा के बिना किसी की सरकार नहीं बनेगी। आगे उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद और भ्रष्टाचार को यहां से खत्म कर देगी। चुनाव आयोग ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनाव की तारीखों की एलान कर दिया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों के लिए तीन चरणों में चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि लोकसभा में यहां पांच चरणों में चुनाव कराया गया था। विधानसभा चुनाव को लेकर 20 अगस्त को पहली अधिसूचना जारी का जाएगी। वहीं यहां 18 सितंबर को पहले चरण का चुनाव, 25 सितंबर को दूसरे चरण का चुनाव और 1 अक्तूबर को तीसरे चरण का मतदान होगा। 4 अक्तूबर को मतगणना होगी। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। अनुच्छेद 370 हटने के बाद घाटी में ये पहला विधानसभा चुनाव होगा।

# पीएम मोदी ने बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन स्कूली लड़कियों ने प्रधानमंत्री को बांधी राखी




**नई दिल्ली।** पूरे देश में आज बड़ी धूमधाम के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में स्कूली छात्राओं के साथ रक्षाबंधन मनाया। स्कूली बच्चों ने पीएम मोदी की कलाई पर राखी बांधी। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में स्कूली लड़कियां रक्षाबंधन के त्यौहार पर प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधती नजर आ रही हैं। इससे पहले आज प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा बंधन के अवसर पर लोगों को बधाई दी और सभी की खुशी और समृद्धि की प्रार्थना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि भाई-बहन के बीच असीम प्रेम के प्रतीक त्योहार रक्षा बंधन पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी भाई-बहन के बीच के बंधन को मनाने वाले इस त्योहार पर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह त्योहार सभी बहनों और बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना पैदा करता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और परस्पर विश्वास की भावना पर आधारित यह त्योहार सभी बहनों और बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना पैदा करता है। उन्होंने नागरिकों से समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लेने का भी आग्रह किया। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि मैं चाहूंगा कि इस त्यौहार के दिन सभी देशवासी हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का संकल्प लें। रक्षा बंधन, जिसे आमतौर पर राखी के नाम से जाना जाता है, सोमवार (आज) को मनाया जाएगा। यह एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो भाई-बहन के बीच प्यार और बंधन को समर्पित है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। बदले में, भाई अपनी बहनों के लिए प्यार और देखभाल के प्रतीक के रूप में उपहार देते हैं। रक्षा बंधन भारतीय संस्कृति में

## रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन

**हरदोई ( हिंस )।** रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस महिला डेस्क के जरिए पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की विभिन्न प्रकार की समस्याओं, शिकायतों का शत प्रतिशत न्यायोचित निस्तारण किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं की सुविधा के लिए हेल्प लाइन नम्बर जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गायब हुए मोबाइल फोनों की तलाश के विशेष अभियान के विगत 03 माह में 78 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस रक्षाबंधन पर एसपी ने बरामद मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल मिलते ही लोगों के चहरे पर आई मुस्कान, साथ ही प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हरदोई पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया कि पुलिस कार्यालय मे सर्विलांस सेल द्वारा बरामद किए गए 78 मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। इन सभी मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। बताया कि अलग-अलग तारीखों में विभिन्न लोगों के मोबाइल फोन खो गए थे।

## बांग्लादेश में किसी भी घटना का असर पूर्वोत्तर भारत पर पड़ेगा : जनरल कलिता



**गुवाहाटी।** सेना की पूर्वी कमान के पूर्व चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भारत के बांग्लादेश के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में होने वाली कोई भी घटना का असर पूर्वोत्तर भारत पर पड़ेगा। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने यह बातें सोसाइटी टू हार्मोनाइज एस्पिरेशंस फॉर रिस्पॉन्सिबल एंगेजमेंट (शेयर) की बैठक में कहीं। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा कि सबसे पहले हमारा ध्यान पूर्वोत्तर राज्यों के विकास पर है। यह दक्षिण पूर्व एशिया और दक्षिण एशिया में पूर्वोत्तर भारत के महत्व को दर्शाता है। हम पूर्वोत्तर के लोगों की आकांक्षाओं को नीति निर्माताओं तक पहुंचाने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके अलावा, हमने बांग्लादेश की स्थिति का भारत पर पड़ने वाले असर पर एक पेपर प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के साथ हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। हम यह नहीं भूल सकते कि बांग्लादेश में होने वाली कोई भी घटना पूर्वोत्तर भारत को प्रभावित करेगी। इससे पहले 5 अगस्त को बांग्लादेश में एक बड़े छात्र आंदोलन के बाद तख्तापलट हो गया था। शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आ गईं। प्रदर्शन कर रहे छात्र और पुलिस के बीच झड़पों में लगभग 300 लोग मारे गए। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया।

## भारत पड़ोसी देशों से आए अल्पसंख्यक प्रवासियों को सुरक्षा प्रदान करेगा : गोयल



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** पाकिस्तान से दिल्ली आई शरणार्थी निवासी महिलाओं ने सोमवार को रक्षाबंधन के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को राखी बांधी। इसके साथ ही गोयल ने साध्वी ऋतंभरा और ब्रह्मकुमारी बहनों के साथ भी रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इन सभी बहनों को सीएए के तहत भारत की नागरिकता मिल पाई है। गोयल ने आगे कहा कि नागरिकता अधिनियम उन प्रवासियों को सुरक्षा प्रदान करेगा, जिन्हें सीएए के तहत राष्ट्रीयता दी गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम ने सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है, जो आपका अधिकार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा रक्षाबंधन उत्सव है। गोयल ने कहा कि आज रक्षाबंधन के पर्व पर अपनी बहनों से राखी बंधवाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण इन सभी बहनों को सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिल पाई है। आप सभी सदा खुश रहें, यही मनोकामना है।

**GOVT. OF ASSAM**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE ::**
**UDALGURI :: DISTRICT :: UDALGURI ASSAM ::**



The above is photograph of Sapna Sah (30 Yrs.), W/O - Bisa Sah, Vill- No. 1, Amjuli TE, PS- Harisinga, Dist.-Udalguri who has been missing 01/08/2024 from No. 1 Amjuli.

This refers Harisnga PS GDE No- 06, Dtd. 06/08/2024 and this office Man Missing Register Entry No. 135 Dtd. 07/08/2024

**Descriptive Roll of the Missing Person :**

1. Complexion : Swarthy
2. Age : 30 Yrs.
3. Height : 4½ Ft
4. L/Known : Asamese, Bihari
5. Wearing : Red & White Suridar.

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action : 6026901138 (Cell Phone)

*-- Janasanyog /D/ 4490/24/20-Aug-24*

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam**

# पृष्ठ एक का शेष

### *सिटी सेंटर मॉल को...*

*बम जैसे पदार्थ* बरामद किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को प्राप्त धमकी भरा ई-मेल *केएनआर* नामक एक अज्ञात संगठन द्वारा भेजा गया था। सिटी सेंटर मॉल के अधिकारियों ने पहले गेट पर एक बिना हस्ताक्षर वाला नोटिस चिपका दिया था, जिस पर लिखा था कि तकनीकी समस्याओं के कारण, मॉल 2 घंटे के लिए बंद रहेगा। मॉल में कई दुकानें, खाने-पीने की जगहें, गेमिंग जोन और एक मल्टीप्लेक्स है।

### *रक्षाबंधन पर वृद्धाश्रम...*

कि आने वाले समय में असम के सभी वृद्ध आवास में रहने वालों को भी उक्त सभी सुविधाएं दी जाएंगी। यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान राज्य में कई स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटर के विरोध पर मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिल में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं हो सकती। उन्होंने उपभोक्ताओं से पिछले वर्ष और इस वर्ष के बिल को एक साथ मिलाकर देखने का आह्वान किया। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश से राज्य के कई हिस्सों में जों सड़कें खराब हुई हैं, दुर्गा पूजा के पहले सभी सड़कों की मरम्मत करा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के मौके पर सुबह मंत्री कॉलोनी पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न हिस्सों से पहुंचीं महिलाएं एवं बच्चियों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण मंत्री पीयूष हजारिका और दिसपुर के विधायक अतुल बोरा के साथ सोनापुर सरकारी वृद्धाश्रम का दौरा किया। आश्रम के निवासियों ने मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को राखी बांधी और उन्हें अपने प्यार और आशीर्वाद के प्रतीक के रूप में लाल गुलाब भी भेंट किए।

### *राज्य में बंद होंगे ...*

में 6, कामरूप (एम) में 4, तिनसुकिया में 4, करीमगंज में 8, डिब्रूगढ़ में 5 स्कूलों को बंद कर दूसरे स्कूल में विलय किया जाना है। असम में भाजपा सरकार के समय में कथित तौर पर अब तक करीब 8 हजार स्कूल छात्रों की कमी के कारण बंद हो चुके हैं।

### *गौरव सोमानी से ...*

गई तो पूरे समुदाय को परिणाम भुगतने होंगे। इस बीच, शिवसागर शहर में सोमवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें 30 से अधिक संगठनों के सदस्य राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी जिमी दास के साथ एकजुटता में सड़कों पर उतरे, जिन पर कथित तौर पर *बाहरी* व्यापारियों के एक समूह द्वारा हमला किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने उस गली का नाम बदलने की मांग की जहां ये व्यापारी अपना कारोबार करते हैं। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव को बढ़ा दिया है, स्वदेशी अधिकारों का मुद्दा और बाहरी लोगों की कथित आमद एक बार फिर सामने आ गई है।

### *राजनीति का मतलब ...*

पार्टी की ओर देख रहे हैं, गोगोई ने कहा कि चूंकि भाजपा ने कोई सुधार नहीं किया है, इसलिए असम के लोगों के पास अब केवल एक ही विकल्प है, कांग्रेस। हम अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को हटा देंगे, जो 2026 में होने वाला है, और हमारा ध्यान हिमंत विश्व शर्मा पर होगा। सत्तारूढ़ भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षा मंत्री के रूप में हर विभाग को बर्बाद कर दिया है और विलय के नाम पर राज्य में स्कूल बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले, भाजपा सरकार के तहत, श्री शर्मा के पास स्वास्थ्य विभाग था। सिविल अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों की स्थिति अब भयानक स्थिति में है। उनके पास पीडब्ल्यूडी विभाग भी था और अब हर कोई असम में सड़कों की स्थिति देख सकता है। गोगोई ने मीडियाकर्मियों से अपने लोकसभा क्षेत्र जोरहाट के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में जाकर सड़कों की स्थिति का जायजा लेने का आग्रह करते हुए उन पर कटाक्ष किया और कहा कि असम के मुख्यमंत्री ने कुछ *बेवफा* विपक्षी नेताओं को भाजपा में शामिल करके कांग्रेस की मदद की है। उन्होंने कहा कि हमें कुछ नेताओं पर संदेह था और मुख्यमंत्री ने उन्हें उजागर करके हमारी मदद की। इससे कांग्रेस को फायदा हुआ है। इन विश्वासघाती नेताओं के चले जाने से कार्यकर्ता भी खुश हैं।

### *केंद्र ने सभी सरकारी ...*

सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। वहीं, चिर प्रतिद्वंद्वी फुटबॉल क्लब ईस्ट बंगाल और मोहन बागान के समर्थक रविवार शाम कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम के पास एकत्र हुए और महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार व उसकी हत्या की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बारिश की परवाह नहीं करते हुए, सौ से अधिक समर्थक शुरुआत में स्टेडियम के बाहर एकत्र हुए, जबकि देश के दो प्रमुख फुटबॉल क्लब के बीच डूरंड कप मैच कानून व्यवस्था की स्थिति से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए रद्द कर दिया गया था। दोनों क्लब के समर्थक एक-दूसरे के झंडे थामे हुए थे। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। काफी संख्या में पुलिसकर्मी स्थिति पर नजर रखे हुए थे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले दिन में, सीबीआई ने मामले की जांच के संबंध में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष से पूछताछ की।

### *आंध्र प्रदेश : फूड प्वाइजनिंग...*

पढ़ते हैं। इसका प्रबंधन एम किरण कुमार के पास है। बताया गया कि रविवार की दोपहर बच्चों ने हॉस्टल में समोसा खाया। उसके बाद से 27 बच्चों को फूड प्वाइजनिंग होने से उल्टी और दस्त होने लगे। इसकी जानकारी जैसे ही स्कूल प्रबंधन को लगी तो विद्यालय के कर्मचारियों ने पीड़ित बच्चों को पास के सरकारी अस्पताल भिजवाया। कुछ अभिभावक अपने बच्चों को घर ले गए। चिंतापल्ली मंडल के चार बच्चों की फूड प्वाइजनिंग से मौत हो गई। वर्तमान में सात अन्य का नरसीपट्टनम एरिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग से 27 बच्चों को उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। अस्पताल में भर्ती बच्चों की हालत गंभीर है। यह चारों छात्र कैलासपट्टनम गांव के हैं। इन बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। डिप्टी डीईओ पेन्नाडा अप्पाराव ने पूरी घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। इस घटना की जांच एमईओ पी रामाराव और पुलिस कर रही है।

### *उदयपुर : सहपाठी के ...*

जनप्रतिनिधि परिवार और समाज के साथ समझाइश में जुटे रहे। समझौता वार्ता के दौरान इमरजेंसी से बाहर आए संभागीय आयुक्त भट्ट ने मीडिया से कहा कि चिकित्सकों ने अपनी पूरी कोशिश की, लेकिन भगवान को जो मंजूर था वही हुआ। इधर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बेढम ने कहा कि घटना दुःखद है। सरकार व अस्पताल प्रशासन ने बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की। आमजन से निवेदन है कि आपसी सौहार्द बनाए रखें। वार्ता के बाद शहर विधायक ताराचंद जैन ने मीडिया को बताया परिवार ने 2 करोड़ मुआवजा चाहा था, 51 लाख पर सहमति बनी। परिवारजनों ने स्थायी नियुक्ति की मांग की है। प्रशासन संविदा पर नियुक्ति पर सहमत हुआ है, हालांकि प्रशासन ने स्थायी नौकरी के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने पर सहमति दी है। परिवार को सुरक्षा की गांरटी, त्वरित न्याय के लिए मामला केस ऑफिसर स्कीम में देने पर भी सहमति बनी है। परिवारजनों के अनुसार कुछ परिजन उदयपुर से बाहर हैं, ऐसे में अंतिम संस्कार मंगलवार को करने की बात हुई, किन्तु प्रशासन माहौल को देखते हुए अंतिम संस्कार सोमवार रात को ही करने के लिए प्रयासरत है। इस बीच, लोगों ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार 16 अगस्त को सुबह करीब साढ़े दस बजे हुई इस वारदात के बाद से ही देवराज की स्थिति को लेकर असमंजस बना हुआ था और इसी वजह से लगातार अफवाहें फैल रही थी। लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने छात्र की वास्तविक स्थिति को लगातार छिपाए रखा। लोगों का यह भी कहना है कि प्रशासन इस बात को और छिपाये रखता यदि राखी पर बहनें राखी बांधने न जातीं। संभवतः उन्होंने भाई की स्थिति की चर्चा घर पर आकर सभी से कर दी, तब प्रशासन के लिए वास्तविकता को छिपाए रखना संभव नहीं रहा।

### *लेटरल एंट्री के ...*

प्रावधानों का पालन होना चाहिए। इसमें किसी तरह का अगर मगर नहीं है। किसी भी तरह की नियुक्ति हो, कोई भी नियुक्ति हो। प्राइवेट क्षेत्र में इसके प्रावधान नहीं है। ऐसे में इसे सरकारी क्षेत्र में भी अगर लागू नहीं किया जाएगा। चिराग पासवान ने कहा कि जिस तरह से ये जानकारी सामने आई है, मेरे लिए भी ये चिंता का विषय है। मैं खुद सरकार का हिस्सा हूं। मेरे पास वो प्लैटफॉर्म है इन बातों को रखने का। पर मैं अगर अपनी पार्टी की तरफ से बोलूं तो हम लोग कतई इसके पक्ष में नहीं हैं। जिस तरह से ये नियुक्तियां हुई हैं, जिसमें बिना आरक्षण के प्रावधानों को मद्देनजर रखते हुए ये किया जा रहा है। ये बिल्कुल सही नहीं है। चिराग ने कहा कि वो केंद्र सरकार के सामने ये मुद्दा उठाएंगे। लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि लेटरल एंट्री दलित, ओबीसी और आदिवासियों पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के रामराज्य का तोड़ा मरोड़ा गया संस्करण संविधान को नष्ट करने और बहुजनों से आरक्षण छीनने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले राहुल गांधी ने रविवार को भी इस मामले पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि नरेंद्र मोदी संघ लोक सेवा आयोग की जगह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रहे हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती कर खुलेआम एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण छीना जा रहा है।

### *अनुच्छेद 370 और ...*

हैं और बेरोजगारी के मुद्दे का समाधान करने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम यह भी करेंगे पानी और बिजली के मुद्दे को संबोधित करें और 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त देंगे। कुछ लोग इससे अधिक का वादा करेंगे लेकिन यह फायदेमंद नहीं है क्योंकि वे भविष्य में सत्ता में नहीं रहने वाले हैं। जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि हमारी गारंटी सामान्य स्थिति बहाल करने की है। हम भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत के लिए माहौल को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। हम उन सभी राजनीतिक नेताओं और युवाओं को रिहा करेंगे जो अलग-अलग हैं। हम उन लोगों की भी मदद करने का प्रयास करेंगे जिनके पासपोर्ट सत्यापन लंबित हैं। अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे के साथ-साथ 2000 में तत्कालीन विधानसभा द्वारा पारित स्वायत्तता प्रस्ताव का कार्यान्वयन नेशनल कांफ्रेंस की आगामी चुनावों के लिए अपने घोषणापत्र में घोषित 12 गारंटियों में से एक है। घोषणापत्र जारी करते हुए नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी केवल वही वादे कर रही है जिन्हें वह पूरा कर सकती है। उन्होंने घोषणापत्र को एनसी का विजन दस्तावेज और शासन के लिए एक रोडमैप बताया। घोषणापत्र में 12 व्यापक वादे किए गए हैं, जिनमें 2000 में जम्मू और कश्मीर विधानसभा द्वारा पारित स्वायत्तता संकल्प के पूर्ण कार्यान्वयन का प्रयास भी शामिल है। एनसी दस्तावेज में कहा गया है कि हम (अनुच्छेद) 370-35ए और 5 अगस्त, 2019 से पहले की राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रयास करते हैं।

### *देश के 95 शहरों की ...*

हो जाता है। हर साल सितंबर महीने से शुरू होने वाला यह दौर अगले साल जनवरी-फरवरी तक चलता है। इस दौरान वायु गुणवत्ता में सुधार के सभी दावे दम तोड़ देते है। दीपावली के आसपास तो यह हवाएं बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच जाती है। खास बात यह है कि इस स्थिति में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकारें सक्रिय दिखती है और बैठकें भी होती है। वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर कार्रवाई के लिए टीमें गठित की जाती है। इसके बाद जैसे ही स्थिति सामान्य होती है। सभी फिर से पुराने ढर्रे पर लौट आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश के 21 शहरों में साल 2017-18 के मुकाबले 2023-24 में पीएम 10 के स्तर में 40 प्रतिशत से अधिक का सुधार हुआ है। इनमें वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, बरेली, आगरा, मुरादाबाद, देहरादून और धनबाद जैसे शहर शामिल है। वहीं 14 शहर ऐसे है, जिसमें वायु गुणवत्ता में 30 से 40 प्रतिशत के बीच सुधार हुआ है। इनमें गाजियाबाद, रायबरेली, अहमदाबाद, जोधपुर व कोलकाता आदि शहर शामिल है। इसके साथ ही 16 शहर ऐसे है जिसमें वायु गुणवत्ता में 20 से 30 प्रतिशत का सुधार दिखा है। इनमें प्रयागराज, नोयडा, सूरत, रांची, गोरखपुर जैसे शहर शामिल है। मंत्रालय के मुताबिक 44 अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है, लेकिन यह सुधार 20 प्रतिशत से कम है। गौरतलब है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने यह रिपोर्ट देश के उन 131 शहरों को ध्यान में रखते हुए जारी की है, जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शामिल है।

### *उधमपुर में सुरक्षाबलों ...*

पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि 187वीं बटालियन से संबंधित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक इंस्पेक्टर को गोली लगी और बाद में अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त गश्ती दल की कड़ी जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबल भेजे गए हैं और आतंकवादियों को पकड़ने और उन्हें मार गिराने के लिए घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### *तिब्बती बहनों ने ...*

इन तिब्बती बहनों ने सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत को राखी बांधी। इस मौके पर तिब्बतन सेटलमेंट ऑफिसर लोडो सांगपो, पेरियार समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत सरकार के नॅशनल कमीशन फॉर सफाई कर्मचारी के अध्यक्ष एम. व्यंकटेश, वूमेन्स एसोसिएशन पीपीएस के सचिव शशांक सिंह और एसोसिएशन की सचिव जिगमे कुन्झॉम भी उपस्थित थीं। इसके अलावा सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने नागपुर के पारडी इलाके में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में शिरकत की। कर त्योहार मनाया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पर हिंदू नववर्ष, छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस, गुरु पूर्णिमा, रक्षाबंधन, विजया दशमी, दीपावली और मकर संक्रांति के उत्सव मनाए जाते हैं। संघ में रक्षाबंधन का अपना अलग महत्व होता है। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों से जुड़ीं महिलाएं सरसंघचालक को रक्षासूत्र (राखी) बांधने की परंपरा चली आ रही है।

# असम के 11 शहरों के मास्टर प्लान को मंजूरी

## बैठक में अशोक सिंघल, योगेन मोहन और कई विधायक हुए शामिल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य के आवास एवं शहरी मामले तथा सिंचाई मंत्री अशोक सिंघल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री योगेन मोहन और कई विधायकों ने आज जनता भवन में असम शहरी एवं ग्रामीण नियोजन सलाहकार परिषद की महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राज्य के 11 शहरों के मास्टर प्लान को मंजूरी दी गई। ये शहर हैं- डबका, लंका, लुमडिंग, होजाई, रामकृष्ण नगर, करीमगंज, सोनाई, लाला, हैलाकांदी, मोरान और बिलासीपारा। बैठक में विधायक क्रमशः रामकृष्ण घोष, अब्दुल एस अली सरकार, कमलाक्ष दे पुरकायस्थ और शिबू मिश्र तथा आवास एवं शहरी मामले के विभागीय सचिव सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार मंत्री सिंघल ने मास्टर प्लान तैयार करने के प्रभारी शहरी एवं ग्रामीण नियोजन निदेशालय के अधिकारियों को कई



महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अनुसार उन्होंने शहरों में पर्याप्त खुली जगह, पार्क और गैर-निर्माण क्षेत्र आवंटित करने के निर्देश दिए। मास्टर प्लान के दायरे में आने वाले जलाशयों की जियो टैगिंग, अपशिष्ट निपटान परियोजनाओं को जलाशयों या पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों से दूर स्थापित करने, गैर-निर्माण क्षेत्रों की परिभाषा को संशोधित करने और गहरे क्षेत्रों में मिट्टी डालने पर रोक लगाने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश भी मंत्री ने दिए। बैठक में शहरी क्षेत्रों में किसी भी नए बुनियादी ढांचे के निर्माण में पानी के सामान्य प्रवाह को बाधित न होने देने के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए जिला आयुक्त की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया गया। समिति में लोक निर्माण (सड़क), लोक निर्माण (भवन), जल संसाधन, सिंचाई, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि विभागों के जिलों के शीर्ष अधिकारी और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति में संबंधित जिले के शहरी और ग्रामीण नियोजन के उप निदेशक सदस्य-सचिव होंगे। उन्हें किसी भी बड़े बुनियादी ढांचे के लिए अनुमति देते समय स्थानीय विधायकों को विशेष सदस्य के रूप में आमंत्रित करना होगा। मंत्री सिंह ने सभी सरकारी विभागों को शहरी क्षेत्रों में किसी भी विकास कार्य को करने में सभी सरकारी विभागों की अनिवार्य अनुपालना के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रमुख विभागों के साथ कार्यशाला या सेमिनार आयोजित करने का भी निर्देश दिया।

# वंदे मातरम पर 22 जिलों में आयोजित हुई सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के प्रमुख सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों में से एक प्रज्ञा के तत्वावधान में 14 से 18 अगस्त तक असम के 22 जिलों में *वंदे मातरम राष्ट्रगान सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता* आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 22 जिलों की कुल 284 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक जिले की प्रतियोगी टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा प्रतियोगी टीमों को भागीदारी के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर असम प्रांत के प्रचार प्रमुख किशोर शिवर ने आज बताया है कि इन 284 टीमों में प्रतियोगियों की कुल संख्या 15 सौ थी। यह आयोजन तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, लखीमपुर, गोलाघाट, शिवसागर, बिश्वनाथ,



शोणितपुर, दरंग, कार्बी आंगलोंग, होजाई, कामरूप, कामरूप (मेट्रो), बाक्सा, नलबाड़ी, बजाली, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, बंगाईगांव, चिरांग और कोकराझाड़ सहित 22 जिलों में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता को देखने 10 हजार से अधिक दर्शक पहुंचे। युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाने और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उभरती पीढ़ी का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रत्येक जिले में एक वक्ता ने प्रतियोगिता के साथ-साथ वंदे मातरम गीत का अर्थ समझाया। उल्लेखनीय है कि प्रज्ञा ने पिछले साल हमारे राष्ट्रगान के महत्व को समझाने और बढ़ावा देने के लिए इसी तरह का समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस वर्ष आयोजन में भाग लेने वाले तथा तन, मन, धन से सहयोग देने वालों को प्रज्ञा के अध्यक्ष जितुल सोनोवाल ने धन्यवाद दिया।

# माहेश्वरी युवा संगठन, नगांव ने कांवड़ियों के लिए की सेवा-कार्य




**नगांव ( निसं )।** इस वर्ष श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भी श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर मे सैकड़ों कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ को कांवड़ चढ़ाई। ज्यादातर संघ ने कांवड़ वशिष्ठ आश्रम (गुवाहाटी) से उठाई और ये कांवड़िएं अपने निर्धारित पड़ावो पर विश्राम करते हुए आज सोमवार को नगांव कृष्णाश्रम शिव मंदिर पहुंचें तथा कांवड़ बाबा भोलेनाथ को अर्पण किए। जय बाबा भोलेनाथ समाज का रविवार को एक पड़ाव धरमतुल माध्यमिक विद्यालय के परिसर मे था जहां रविवार को दोपहर माहेश्वरी युवा संगठन नगांव के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कांवड़ के लिए भोजन की व्यवस्था कर कांवड़ियों की सेवा की। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष नितिन मुंदडा, सचिव पूजा माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष हिमांशु मनिहार, विद्या प्रकाश धूत, अमीत बिहानी, अभिषेक दरक, नीतू धूत व डिंपल दरक सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। जय भोलेनाथ कांवड़ संघ ने माहेश्वरी युवा संगठन नगांव के उक्त सेवा कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापन करते हुए भुरी भुरी प्रशंसा की।

# रक्षाबंधन पर वृद्धाश्रम की सभी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सोमवार को वृद्धाश्रम में रहने वाली वृद्ध महिलाओं के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने इस वृद्धाश्रम में रहने वाली सभी बुजुर्ग महिलाओं को अरुणोदय योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का ऐलान किया। सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. सरमा गुवाहाटी के सोनापुर स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्ग महिलाओं से राखी बंधवाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाली महिलाओं को आज से ही अरुणोदय योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड की सुविधा के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में असम के सभी वृद्ध आवास में रहने वालों को भी



उक्त सभी सुविधाएं दी जाएंगी। यहां पत्रकारों से वार्ता के दौरान राज्य में कई स्थानों में बिजली के स्मार्ट मीटर के विरोध पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि स्मार्ट मीटर से बिल में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं हो सकती। उन्होंने उपभोक्ताओं से पिछले वर्ष और इस वर्ष के बिल को एक साथ मिलाकर देखने का आह्वान किया। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश से राज्य के कई हिस्सों में जों सड़कें खराब हुई हैं, दुर्गा पूजा के पहले सभी सड़कों की मरम्मत करा दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के मौके पर सुबह मंत्री कॉलोनी पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न हिस्सों से पहुंचीं महिलाएं एवं बच्चियों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा।

### ड्रग्स और जाली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चिरांग ( हिंस )।** चिरांग जिले में बिजनी के पानबारी थानाक्षेत्र के दो नंबर गराईमारी में असम पुलिस तथा एसएसबी की संयुक्त छापामारी में ड्रग्स तथा जाली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान नबीर हुसैन (32) और मिजानुर रहमान (24) के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में भाई हैं। छापामारी दल ने तस्कर नाबिर हुसैन के घर से ड्रग्स से भरे 119 प्लास्टिक कंटेनर, बोलेरो वाहन (एएस-26जी-1366), 33 हजार रुपए नकद और 43 हजार रुपए के जाली नोट जब्त किए।

# एसएसबी के 24वें बटालियन ने मनाया हर्ष का पर्व रक्षा बंधन



**रंगिया ( विभास )।** 24वीं वाहिनी मुख्यालय एसएसबी रंगिया तथा इसके सीमा चौकियों में सोमवार को राखी का त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। 24वीं वाहिनी द्वारा आयोजित राखी बंधन के कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी संस्था पुठीमारी से जुडी बहनों ने सभी कार्मिकों को राखी बांधी। वाहिनीं के कमांडेंट दीपक सिंह ने संस्था से आई हुई सभी बहनों व अन्य सदस्यों का आभार प्रकट किया तथा सन्देश दिया कि हमारा ध्येय सेवा, सुरक्षा एवं बंधुत्व है हम सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं अपना हर संभव प्रयास करेंगें। जिस तरह हम देश के सीमा की सुरक्षा के लिए तत्पर हैं। उसी तरह हम आपके सम्मान व सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मा कुमारी, पुठिमारी संस्था द्वारा सभी उपस्थित कार्मिकों को मैडिटेशन भी कराया गया।

# रंगिया : साधना योग महाविद्यालय का 12वां स्थापना दिवस आयोजित




**रंगिया ( विभास )।** रंगिया में साधना योग महाविद्यालय का 12वां स्थापना दिवस रविवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूब कामरूप महाविद्यालय के सेवानिवृत्त अध्यापक तथा साधना योग महाविद्यालय, रंगिया के प्राचार्य पवीन कलिता द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मालूम होकि साधना योग महाविद्यालय को कामरूप जिले का पहला और एकमात्र योग महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक योगाचार्य ज्योतिष कलिता ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने साधना योग महाविद्यालय के उद्देश्यों और भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में स्वस्ति अस्पताल के प्रबंध निदेशक तथा साधना महाविद्यालय के उपाध्यक्ष व प्रमुख चिकित्सक डॉ. हितेंद्र कलिता ने योग और स्वास्थ्य के बीच संबंध पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त, रंगिया महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रमुख और एनजीओ साधना की उपाध्यक्ष रानू चौधरी ने योग शिक्षकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों पर मार्गदर्शन दिया। इस कार्यक्रम में तेजपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. परागमणि कलिता भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिससे इस अवसर का महत्व और बढ़ गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक और विभिन्न कार्यक्रमों के साथ योग प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# हेडगेवार स्मारक समिति और आरएसएस ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गुवाहाटी महानगर विद्यार्थी विभाग की ओर से रविवार को राजधानी में तीन स्थानों पर तीन कार्यक्रम आयोजित कर 2024 की उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में विशिष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर असम प्रांत के प्रचार प्रमुख किशोर शिवम ने आज बताया है कि बरबारी स्थित सुदर्शनलय, गणेशगुड़ी स्थित नेडफी हाउस और भरलुमुख के आलोक भवन में आयोजित समारोह में शहर के विभिन्न स्कूलों से विशिष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले 227 छात्रों को प्रमाण-पत्र, भारत माता की तस्वीर और पुस्तकों के पैकेज देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक और संघ के गुवाहाटी महानगर कार्यवाह डॉ. धीरेन दास पानिका शामिल हुए। आलोक भवन में आयोजित इस समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में औद्योगिक न्यायाधिकरण के रजिस्ट्रार और संघ के गुवाहाटी विभाग कार्यवाह दिलीप शर्मा और गुवाहाटी विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. ईशांकुर सैकिया ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसमें समिति के सचिव खगेन सैकिया और गुवाहाटी महानगर संघ के सह संघ चालक रुक्म प्रसाद भुइयां भी शामिल रहे। विद्यार्थियों और अभिभावकों को डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति का संक्षिप्त परिचय और समिति द्वारा सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने प्राचीन भारत की शिक्षा प्रणाली ने किस तरह भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाया और वर्तमान संदर्भ में उस प्रणाली को लागू करने की संभावनाओं और संभावित लाभों का विश्लेषण किया। सम्मानित विद्यार्थियों और अभिभावकों के उत्साह ने कार्यक्रमों में एक अनूठा बना दिया।

# सीमांत चेतना मंच पूर्वतार, कोकराझाड़ नगर समिति की महिलाओं ने अधिकारी और जवानों के कलाइयों में बांधी राखी



**कोकराझाड़ ( विभास )।** देश के अन्य जिलों के साथ-साथ कोकराझाड़ जिले में भी धूमधाम से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। आज के दिन बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधी वही सीमांत चेतना मंच पूर्वतार कोकराझाड़ नगर समिति के सचिव मानस गूह पर के नेतृत्व में कोकराझाड़ के साई एडीडियम में भारतीय सेना के जवानों को सीमांत चेतना मंच पूर्वतार कोकराझाड़ नगर समिति के महिलाओं ने सेना के अधिकारी और जवानों के कलाई में राखी बांधी। इसके बाद एसएसबी और सीआरपीएफ के कैंप में जाकर सेना के अधिकारी और जवानों के कलाई में राखी बांधी। वहीं जिले के फकीराग्राम में भी बहनों ने भाई के कलाई में राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।

### नकली नोट समेत तीन गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** एसटीएफ की टीम ने वशिष्ठ थाना क्षेत्र के खानापाड़ा इलाके में अभियान चलाकर नकली नोट के कारोबार में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक महिला भी शामिल है। एसटीएफ की एक टीम ने इंस्पेक्टर कपील पाठक के नेतृत्व में खानापाड़ा इलाके में स्थित इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास नकली नोट समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। सटीएफ ने कार (एएस-01एफजेड-5890) की तलाशी के दौरान पांच सौ रुपए के 8,32,500 मूल्य वर्ग 1665 नकली नोट बरामद किया। नकली नोट के अलावा नगद 1,28,320 रुपए और पाच मोबाइल फोन जब्त किया। इस मामले में एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शाहिल अली (26, गुवाहाटी), अजय विश्वकर्मा (30, धेमाजी) और सुमी बोरा (जोरहाट) के रुप में की गई हैं।

# प्रज्ञा फाउंडेशन उत्तर कामरूप जिला ने रंगिया में किया रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन

**रंगिया ( विभास )।** भाइयों और बहनों के बीच पवित्र बंधन का जश्न मनाने के लिए रंगिया में एक विशेष राखी बंधन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर कामरूप जिले के प्रज्ञा फाउंडेशन द्वारा स्थानीय डॉक्टरों, सेना के जवानों और पुलिस कर्मियों के बीच गहरे भाईचारे के रिश्ते के लिए आभार व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया था। उल्लेखनीय है कि श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाने वाला राखी बंधन भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के बीच प्यार, विश्वास और सुरक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पवित्र दिन पर, बहन भाई को राखी बांधती है और उसकी सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती है, जबकि भाई बहन को वादा करता है कि वह हमेशा उसकी सुरक्षा का प्रभारी रहेगा। प्रज्ञा फाउंडेशन ने रंगिया अंचल के मिलिट्री स्टेशन, बीएसएफ कैंप, एस एस बी रंगिया,



रंगिया थाना, स्वस्ति अस्पताल में चिकित्सकों नर्सों एवं कर्मचारियो के साथ राखी बंधन मनाया। रंगिया एसएसबी कमांडेंट ऑफिसर दीपक सिंह, प्रतिष्ठित चिकित्सक और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हितेंद्र कलिता, रंगिया पुलिस अधिकारी अजय बर्मन, भारतीय जनता पार्टी उत्तर कामरूप जिला अध्यक्ष सुबल पाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को राखी बांधी और प्रज्ञा फाउंडेशन इसमें लगे लोगों के प्रति गहरा सम्मान और आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में कामरूप जिले के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों के छात्रों, प्रज्ञा फाउंडेशन उत्तर कामरूप जिले के सहायक सचिव बिशाल कलिता, युवा नेतृत्व समारोह के जिला समन्वयक बसंत कलिता, सदस्य प्रिंस कलिता, प्रीतम दत्त और कई अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

*No: TDB/15th FC/72/2021-22/727* *Date:19/08/2024*

**NOTICE INVITING TENDER**
**NO - 08/2024-25**

Sealed tenders with a validity period of 90 days from the date of receipt in prescribed form affixing non-refundable cour fee stamps of Rs. 8.25/- (Rupees Eight and Twenty Five Paisa) only subsequently to be drawn up in printed F-2 form are hereby invited from the Govt. registered PWD (Roads and Building), P&RD and other Govt. registered contractor's under Class – I (A/B/C) Class – II and Class – III category from approved firm according to tender limit of eligibility for the following works under **15th ASFC for the year 2022-23 during 2024-25** and will be received in the office of the undersigned up to 2:00 PM on 10/09/2024 and will be opened on the same date and placed at 2:15 PM in the presence of willing contractors or their authorized agents.

| Sl. No. | Name of Dev. Block | Name of work | A/A No. | A/A Amount in Rs. | Tender Amount in Rs. | Earnest Money | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tamulpur Dev. Block | Const. of community toilet at Dwarkuchi near Dwarkuchi Rajohuwa Moncho | BTC/FC-Cell(15th FC-tied)- 112/2023/Tamulpur/ 243, Dated: 12/07/2024 | 11,00,000/- | 11,00,000/- | 2% in case of Gen. and 1% in case of ST/SC | 90 Days |
| 2 | Tamulpur Dev. Block | Const. of community toilet at Tamulpur ARSU office filed | BTC/FC-Cell(15th FC-tied)- 112/2023/Tamulpur/ 232, Dated: 12/07/2024 | 11,00,000/- | 11,00,000/- | 2% in case of Gen. and 1% in case of ST/SC | 90 Days |
| 3 | Tamulpur Dev. Block | Const. of community toilet at near Dwarkuchi Anchalik ABSU office field | BTC/FC-Cell(15th FC-tied)- 112/2023/Tamulpur/ 229, Dated:12/07/2024 | 11,00,000/- | 11,00,000/- | 2% in case of Gen. and 1% in case of ST/SC | 90 Days |

Details NIT may be seen in all working days in the office of the undersigned. Tender paper will be issued to the contractors or their authorized agent up to 12:00 Noon on all working days from 19/08/2024 to 10/09/2024 in the office of undersigned on payment of in the form of Banker Cheque/Demand Draft of any Nationalized Bank duly Pledged to the **Block Development Officer, Tamulpur Development Block**. The tender cost (Non-Refundable) must be in the form of Banker Cheque/Demand Draft of a Nationalized Bank drawn in favour of the **Principal Secretary, BTC, Kokrajhar** and payable at SBI, kokrajhar to be deposited 0.03%.

Sd/-Block Dev. Officer,
Tamulpur Dev. Block, Tamulpur

*IPR(BTC)/C/2024-25/326*

संपादकीय

# फिर बहेगी चुनावी बयार

**चुनाव** आयोग ने जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनावों की दिनांकों की घोषणा कर दी है। अब फिर देश में चुनावी बयार बहेगी। चूँकि हम डिजिटल दुनिया में रह रहे हैं इसलिए चुनाव भले ही जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में होंगे लेकिन उसकी गूँज एवं चर्चा समूचे देश में होगी। लोकसभा चुनावों की खुमारी अभी उतरी भी नहीं थी कि एक बार फिर प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता एवं कार्यकर्ता एक-दूसरे के विरुद्ध नकारात्मक बयान देते समय मर्यादाओं का उल्लंघन करेंगे। जिसका प्रतिकूल असर सामाजिक एवं सांप्रदायिक सद्भाव पर पड़ेगा। कितना अच्छा हो कि बार-बार चुनाव से निजात मिल जाए। देश में सभी चुनाव एक साथ सम्पन्न हो जाएं तो बार-बार की चुनावी हाय-तौबा से भी बचा जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार 'एक देश-एक चुनाव' का आह्वान कर रहे हैं लेकिन प्रत्येक मुद्दे एवं कार्य का विरोध करने का अभ्यासी विपक्ष देश और समाज हित के इस मुद्दे का भी विरोध करता है। विरोध की यह राजनीति सार्थक सुधारों में बाधक बन रही है। देश की जनता को ही यह विचार करना चाहिए कि आएदिन की चुनावी चकल्लस से बचने के लिए वह किस प्रकार 'एक देश-एक चुनाव' के लिए वातावरण बना सकती है। बहरहाल, दोनों ही राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग ने इस बात का ध्यान रखा है कि चुनावी प्रक्रिया अनावश्यक रूप से लंबी न हो। माना जा सकता है कि आयोग ने लोकसभा चुनाव से सबक लिया है। इस बार लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया अत्यधिक लंबी होने के कारण से उबाऊ हो गई थी। जिसके कारण चुनावों में नीरसता आ गई थी। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में भी सरकार ने अपने वादे के अनुसार चुनाव सम्पन्न करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। दरअसल, प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पिछले पांच वर्ष से जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नहीं थी। इसलिए जम्मू-कश्मीर में चुनावों की बेसब्री से प्रतिक्षा की जा रही थी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इसे लेकर अधिकतम 30 सितंबर की समयसीमा तय कर दी थी। यह अच्छा है कि उसका सम्मान करते हुए चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया समयसीमा खत्म होने से काफी पहले शुरू कर दी। जम्मू-कश्मीर के लिए चुनाव इसलिए भी खास हैं क्योंकि अनुच्छेद-370 के तहत मिला विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इससे पहले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं का जो उत्साह देखने को मिला, उसको देखते हुए इन चुनाव से एक नए दौर की शुरुआत की उम्मीद अस्वाभाविक नहीं कही जाएगी। हालांकि आतंक की छिटपुट घटनाएं वहां अब भी हो रही हैं, लेकिन इसके पीछे आतंकी तत्वों की मंशा इन चुनावों को बाधित करने की ही लगती है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव ही उन तत्वों की साजिशों का सबसे अच्छा जवाब हो सकता है। वहीं, हरियाणा के चुनाव इस लिहाज से दिलचस्प हो गए हैं कि लगातार दो बार सरकार बनाने वाली भाजपा के लिए लोकसभा चुनावों के परिणाम मनमाफिक नहीं आए। इसके बाद वहां कांग्रेस को अपने लिए ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है। हालांकि लोकसभा और विधानसभा चुनावों के परिणाम एक-दूसरे को प्रभावित नहीं करते हैं। कई बार देखने में आया है कि राज्यों में लोकसभा की कम सीटें पानेवाली पार्टी विधानसभा चुनावों में बहुमत पा जाती है। पिछली बार राजस्थान, मध्यमप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पक्ष में इसी प्रकार का परिणाम आया। इसलिए हरियाणा में लोकसभा के निराशाजनक परिणाम से भाजपा हतोत्साहित नहीं है। यदि उसकी तैयारी अच्छी रही तो भाजपा तीसरी बार सरकार बना सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार-बार 'एक देश-एक चुनाव' का आह्वान कर रहे हैं लेकिन प्रत्येक मुद्दे एवं कार्य का विरोध करने का अभ्यासी विपक्ष देश और समाज हित के इस मुद्दे का भी विरोध करता है। विरोध की यह राजनीति सार्थक सुधारों में बाधक बन रही है। देश की जनता को ही यह विचार करना चाहिए कि आएदिन की चुनावी चकल्लस से बचने के लिए वह किस प्रकार 'एक देश-एक चुनाव' के लिए वातावरण बना सकती है। बहरहाल, दोनों ही राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग ने इस बात का ध्यान रखा है कि चुनावी प्रक्रिया अनावश्यक रूप से लंबी न हो। माना जा सकता है कि आयोग ने लोकसभा चुनाव से सबक लिया है। इस बार लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया अत्यधिक लंबी होने के कारण से उबाऊ हो गई थी। जिसके कारण चुनावों में नीरसता आ गई थी। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में भी सरकार ने अपने वादे के अनुसार चुनाव सम्पन्न करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। दरअसल, प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पिछले पांच वर्ष से जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नहीं थी। इसलिए जम्मू-कश्मीर में चुनावों की बेसब्री से प्रतिक्षा की जा रही थी।

## मंदी के डर के परिदृश्य के बाद भारत के विदेश व्यापार घाटे की नई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही

# विदेश व्यापार घाटा कम करना जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

पिछले वर्ष इसी समान अवधि में विदेश व्यापार घाटा 75 .15 अरब डॉलर था। खासतौर से चीन से व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में अब इस समय देश के समक्ष विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को कम करने और निर्यात बढ़ाने की नई जरूरत दिखाई दे रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक इस वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि निर्यात बढ़ाने की रणनीतिक पहलों को उपयुक्त रूप से क्रियान्वित करके कृषि निर्यात बढ़ाने का कारगर प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक इस वर्ष भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**हाल** ही में 14 अगस्त को वाणिज्य विभाग के द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार विदेश व्यापार घाटा चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले चार माह अप्रैल से जुलाई 2024 में 85.58 अरब डॉलर रहा है। पिछले वर्ष इसी समान अवधि में विदेश व्यापार घाटा 75.15 अरब डॉलर था। खासतौर से चीन से व्यापार घाटा और बढ़ा है। ऐसे में अब इस समय देश के समक्ष विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को कम करने और निर्यात बढ़ाने की नई जरूरत दिखाई दे रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक इस वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में कृषि निर्यात बढ़ाने की रणनीतिक पहलों को उपयुक्त रूप से क्रियान्वित करके कृषि निर्यात बढ़ाने का कारगर प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक इस वर्ष भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात बढ़ाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले दिनों बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट और अमरीका और जापान सहित दुनिया के कई देशों में मंदी के डर के परिदृश्य के बाद भारत के विदेश व्यापार घाटे की नई चुनौतियां उभर कर दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश भारत का 8वां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है और पिछले वर्ष 2023-24 में भारत ने बांग्लादेश को 11 अरब डॉलर मूल्य का निर्यात किया है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इस वित्त वर्ष में भारत के द्वारा कुल निर्यात का लक्ष्य पिछले वर्ष से भी कुछ अधिक 800 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाने का सुनिश्चित किया गया है, ऐसे में रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी की वजह से निर्यात के इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ-साथ आयात में उपयुक्त रूप से कमी करके विदेश व्यापार घाटे को कम किया जाना होगा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की गठबंधन सरकार के द्वारा रणनीतिक रूप से विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को नियंत्रित करने और निर्यात की रफ्तार बढ़ाने के मद्देनजर मिशन मोड़ पर आगे बढ़ा जाना होगा। इसके लिए पांच तरह के बहुआयामी उपाय सुनिश्चित किए जाने होंगे। एक, भारत के विदेश व्यापार में नई जान फूंकने के लिए द्विपक्षीय वार्ताएं बढ़ाई जाएं। दो, वर्ष 2024-25 के बजट के तहत निर्यात बढ़ाने के लिए सुनिश्चित किए गए अभूतपूर्व बजट आवंटनों का शुरुआत से ही कारगर उपयोग किया जाए। तीन, सेवा निर्यात को हर संभव तरीके से बढ़ाया जाए। चार, निर्यातकों को




शुल्क के अलावा आने वाली बाधाओं (नॉन टैरिफ बैरियर) से राहत दी जाए और पांच, नए संभावित निर्यात बाजार तलाशे जाएं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि यकीनन इस समय नई गठबंधन सरकार वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने के लक्ष्य को सामने रखकर आगे बढ़ रही है। पिछले दिनों 11 जुलाई को नई दिल्ली में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नई जान फूंकने की कोशिश की। भारत के द्वारा लगातार द्विपक्षीय व्यापार और आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल नेबरहुड फर्स्ट और एक्ट ईस्ट तथा सागर नीति के तहत विदेश व्यापार बढ़ाने की पहल की जा रही है। इसी तरह भारत ने रूस सहित मित्र देशों और विभिन्न विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। इसी परिप्रेक्ष्य में 8 से 10 जुलाई तक प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से विदेश व्यापार की नई संभावनाएं आगे बढ़ाई हैं। यकीनन वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का बजट उद्योगों को समृद्ध करने का भी बजट है। इस बजट के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करते हुए आयात घटाने व कृषि एवं वस्तु निर्यात बढ़ाने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। केंद्र, राज्य और निजी सेक्टर की आपसी सहभागिता से प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। नए बजट के प्रावधानों के तहत 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क के विकसित होने से कम से कम 100 प्रकार के आइटम का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो सकता है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। निस्संदेह सरकार को ध्यान देना होगा कि कल तक पूरी दुनिया में भारत का सेवा निर्यात तेज रफ्तार से बढ़ रहे चमकीले सेक्टर के रूप में रेखांकित होता रहा है, लेकिन अब भारत के इसी प्रभावी सेवा निर्यात की रफ्तार सुस्त हो गई है। ऐसे में सेवा निर्यात की रफ्तार बढ़ाना जरूरी है। सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन से सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। यह जरूरी है कि निर्यातकों के समक्ष शुल्क के अलावा जो नॉन टैरिफ बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाए। अभी तक करीब 200 नॉन टैरिफ बाधाएं चिन्हित की गई हैं। ये ऐसी बाधाएं हैं जो कई देश अपने आर्थिक लक्ष्यों और विदेश व्यापार को ध्यान में रखकर निर्मित करते हैं। ये सामान्यतया अनुचित और आयातकों से भेदभावकारी होती हैं। खासतौर से इनमें दस्तावेज से संबंधित प्रक्रियाएं, मौसमी शुल्क, टैरिफ कोटा, वस्तुओं की जांच और प्रमाणन, गुणवत्ता, आयात संबंधी पाबंदियां आदि शामिल हैं। ये बाधाएं मुख्य रूप से समुद्री उत्पाद, फार्मास्युटिकल्स, खनिज पदार्थ आदि से संबंधित है। पिछले कई वर्षों से ऐसी बाधाओं से चीन, रूस सहित कई देशों की सरकारों को अवगत कराया गया है। आम तौर पर नॉन टैरिफ बैरियर दूर करने में कई साल लग जाते हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि सरकार के द्वारा अतिशीघ्र नॉन टैरिफ बैरियर से संबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया जाना लाभप्रद होगा, जिस पर सभी निर्यातक नॉन टैरिफ बैरियर की शिकायत दर्ज करा सकें, निर्यातकों के समक्ष विभिन्न देशों में आने वाली चुनौतियों का पता लगाया जा सके। साथ ही यदि ऐसे भी नियम विश्व व्यापार संगठन के अनुकूल नहीं हो तो सरकार के हस्तक्षेप से निर्यातकों को इससे जूझने से बचाने के उपाय किए जा सके। एक महत्त्वपूर्ण कदम यह भी उठाया जा सकता है कि चीन से गैर शुल्क बाधाएं समाप्त कराए जाने हेतु यूरोपीय देशों की तरह भारत के द्वारा भी चीन पर दबाव की रणनीति के तहत चीनी आयातों पर असाधारण आयात प्रतिबंध लगाने की रणनीति अपनाई जाए।

दृष्टि कोण

# दक्षिण एशिया अग्रणी अवसर का लाभ उठाये

**वर्ष** 1971 में, हमारा नज़रिया था कि जब पड़ोस में नागरिक नरसंहार का हमला झेल रहे हों, तब एक स्थाई राजनीतिक समाधान बनाने को हमारी जिम्मेवारी बन जाती है कि घिरे लोगों को साथ जोड़कर, उन्हें मुक्त करवाएं। यह दखलअंदाजी मानवीय आधार पर थी। उस वक्त पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण संयुक्त कमान के सामने था। मुक्ति दिलवाने के अलावा इस घटना ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर में समसामयिक संशोधन भी करवाया, जब संयुक्त राष्ट्र ने 'बचाने की जिम्मेवारी' सिद्धांत की नई व्याख्या जोड़ी। माइकेल वाल्ज़र के मौलिक लेखन कार्य 'उचित और अनुचित युद्ध' के मुताबिक देखें तो यह एक 'उचित युद्ध' था। प्राप्त अनेकानेक रणनीतिक सबकों के बीच, जैसा कि द ट्रिब्यून अख़बार में 12 अगस्त को छपे लेख में असोक मुखर्जी ने विस्तार से और अच्छी तरह समझाया है, हमने जेनेवा संधि के अनुसार युद्धबंदियों से बरतने के नियमों पर अक्षरशः अमल करते हुए एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया था। वैसे भी, टकराव वाली परिस्थिति में, सैन्य शासन से कहीं बेहतर विकल्प लोकतांत्रिक प्रशासन होता है, विशेषकर जब बर्बरता का सामना मानवीयता से करना हो– और यही हमारा मूल सिद्धांत है। इसके अलावा, दुनिया ने यह भी होते देखा कि धार्मिक अपवादिता के होते हुए भी, समानता और मानवीय गरिमा के लिए लड़ाई सर्वोपरि है, बाकी सब इससे नीचे। आधी सदी बाद, 2024 में, अब वक्त है इसको और विस्तार देने का क्योंकि संसार बदल चुका है। हमारे प्रधानमंत्री के कहे शब्द- 'यह युग युद्धों का नहीं है' – की प्रतिध्वनि के अनुसार, वक्त है राह फिर से तय करने का। जिस पटल पर काम होना है वह बहुत विस्तृत हो चुका है। हमारे पास-पड़ोस के बड़े हिस्से की भांति बांग्लादेश का आंदोलन दक्षिण एशिया और विश्व के ज्यादातर हिस्सों के लिए नया मोड़ है। दुनियाभर में घटित घटनाएं याद दिलाती हैं कि 'सुरक्षा को खतरे' की वेदी पर शांति, समृद्धि और विकास की बलि नहीं चढ़ाई जा सकती, चाहे 'खतरा' वास्तविक हो या आभासीय। कोविड-19, पर्यावरणीय बदलाव और युद्ध पहले ही काफी नुकसान कर चुके हैं, इनमें आखिरी दो में प्रतिदिन बढ़ोतरी होती देखी जा रही है। सबसे बदतर स्थिति अभी आनी बाकी है। प्रत्येक मामले में सबसे बड़ा घाटा नागरिकों का है। धुर केंद्र में नागरिक को रखकर उसके इर्द-गिर्द सुरक्षा आवरण बनाने की जरूरत है वरना तंत्र ढह जाएगा। भौतिक लाभ एवं क्षेत्र नागरिक को प्रमुख रखने की जगह नहीं ले सकते। बेशक, इलाका आत्म-सम्मान से जुड़ा है और इससे समझौता स्वीकार्य नहीं होता, लेकिन कोई समय कभी ऐसा भी होता है, जब नागरिक की प्रमुखता सबसे अधिक स्थान ले लेती है। वह वक्त अब है। प्रत्येक लोकतंत्र इस घड़ी का इस्तेमाल आत्मविश्लेषण करने के लिए करे, स्व-सुधार लागू करे और फिर 'दुनिया एक है' सिद्धांत को समझाने एवं उदाहरण प्रस्तुत करने वाली राह बनाने में सहायक हो। कुंजी है 'अनेकता में एकता' और नागरिक कल्याण, किसी भी अन्य चीज़ से ऊपर, जो एक निर्वाचित सरकार का पहला दायित्व है। हम खुशनसीब हैं कि हमारी नींव की जड़ में विविधता है। हमने लोकतंत्र संजोकर रखा है। चूंकि इस इलाके में आकार एवं अर्थव्यवस्था के लिहाज से हम सबसे विशाल हैं, इस नाते हमारी जिम्मेवारियां भी बड़ी हैं। हमें इन पलों को आत्मसात करना होगा और दक्षिण एशिया को 'ज्ञान का शक्तिकेंद्र' बनाने में सहायक बनना होगा–सबकी भलाई के वास्ते, पहले देश के भीतर और फिर सीमाओं से परे योगदान। हर तरफ युवा इसे हाथों-हाथ लेंगे- बशर्ते उन्हें इसकी छुअन सभ्यात्मक लगे न कि व्यापारिक इरादे से सनी, किंतु यह सैद्धांतिक और मूल्यों पर आधारित हो। क्रांति के बजाय एक पुनर्जागरण की तरह, जैसे हम लहर को अपनी-पराई हर किश्ती को ऊपर उठाते देखते हैं। आज हमारे तमाम पड़ोसी तिराहे पर खड़े हैं – इस क्षेत्र के कुल 200 करोड़ लोगों के हितों के आलोक में, हमारी जिम्मेवारी साझी है। यदि 140 करोड़ लोगों का देश भारत अगुवाई नहीं करेगा, तो दुनिया के सैन्य-औद्योगिक परिसर अपना स्थान बना लेंगे –और फिर दावत उड़ाएंगे– क्योंकि हम सभ्यात्मक स्तर पर एकता नहीं बना पाए। अब हमें एक मंच बनाने की जरूरत है 'दक्षिण एशिया शांति, समृद्धि, लोकतांत्रिक क्षेत्र', जिसमें प्रत्येक सदस्य को हक हो कि यदि चाहे तो किसी अन्य संगठन की सदस्यता भी ले ले, लेकिन इस प्रावधान के साथ कि यह करना इलाके के लोकतांत्रिक हितों के विरुद्ध न हो। कोई ऐसा मंच बनाया जाए, जिससे कि दक्षिण एशिया में संवाद और सहयोग जड़ पकड़े, इस पर हमारी दुविधा रही है।

कुछ अलग

# लुटती जाए द्रौपदी, जगह-जगह पर आज

**2012** में 23 वर्षीय दिल्ली की छात्रा निर्भया काण्ड यानी ज्योति सिंह के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया और भारत में महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान लगा दिया था। निर्भया हत्याकांड के बाद यौन हिंसा पर सख्त कानून बनाए गए और अंततः बलात्कार के लिए मौत की सज़ा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद यौन अपराध खत्म नहीं हुए हैं। बलात्कार की प्रकृति अधिक आक्रामक, अधिक क्रूर हो गई है और एक हद तक सतर्कतावाद और गैंगस्टरवाद का एक रूप बन गई है। भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट की गई है, और हाल के वर्षों में भयानक यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। "यह नया भारत है जहाँ कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जाँच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोषसिद्धि दुर्लभ बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आँकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की रिपोर्ट की गई। वर्ष 2022 में, पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें उसे दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही, भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक 13 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है, जो अपने साथ सामूहिक बलात्कार की रिपोर्ट करने के लिए उनके स्टेशन गई थी। मार्च में, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल यात्रा पर गई एक स्पेनिश पर्यटक के सामूहिक बलात्कार के बाद कई भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। 2021 में, मुंबई में एक 34 वर्षीय महिला की बलात्कार और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित किए जाने के बाद मृत्यु हो गई। एक भारतीय छात्रा के कुख्यात सामूहिक बलात्कार और हत्या ने 2012 में वैश्विक सुर्खियाँ बटोरीं। 23 वर्षीय फिजियोथेरेपी की छात्रा ज्योति सिंह के साथ उस वर्ष दिसंबर में नई दिल्ली में एक बस में पाँच पुरुषों और एक किशोर ने बलात्कार किया, हमला किया और उसे मरने के लिए छोड़ दिया। इस भयानक अपराध ने भारत में यौन हिंसा के उच्च स्तर पर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियाँ बटोरीं और हफ़्तों तक विरोध प्रदर्शन हुए और अंततः बलात्कार के लिए मृत्युदंड पेश करने के लिए कानून में बदलाव किया गया। इन हमलों की क्रूर और भयावह प्रकृति ने भारतीय समाज को झकझोर दिया है और एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है। भारत की सदियों पुरानी भेदभावपूर्ण जाति व्यवस्था के सबसे निचले स्तर की महिलाएँ – जिन्हें दलित के रूप में जाना जाता है – यौन हिंसा और अन्य हमलों के लिए विशेष रूप से असुरक्षित हैं। महिलाओं के खिलाफ़ हिंसा और भी सामान्य हो गई है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया पर ट्रोल, जो हर मुखर महिला या उसकी बेटी को चुप कराना, गाली देना या बलात्कार करना चाहते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता है। उल्लंघनकर्ताओं के पास बढ़ती हुई दंडमुक्ति और न्यायिक साधन भी राजनीतिक आकाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के साथ, बलात्कार से लड़ना कठिन हो गया है। देश में महिलाओं के खिलाफ़ यौन अपराधों में वृद्धि, साथ ही देश की कठोर जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर रहने वालों के साथ व्यवहार, ऊपर से नीचे तक दंडमुक्ति की संस्कृति के परिणामस्वरूप एक उत्साहजनक कारक के रूप में कार्य करता है।

देश दुनीया से

# गांव और शहरों का नियोजित निर्माण आवश्यक

वर्ष 2023-2024 में बादल फटने की घटनाओं ने भयावह रूप धारण कर लिया है। बादल फटने की घटनाओं के लिए हिमालय क्षेत्रों में बढ़ती निर्माण गतिविधियां जिम्मेदार हैं। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक और प्राकृतिक आपदा जिसका खतरा भी हमेशा मंडरा रहा होता है वह है भूकंप। भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसे रोका नहीं जा सकता, परंतु इसके खतरे की पहचान करके, सुरक्षित संरचनाओं का निर्माण और सुरक्षा पर शिक्षा प्रदान करके इसके प्रभावों को कम किया जा सकता है। भूकंप एक ऐसी अद्भुत घटना है, जो बिना किसी चेतावनी के घटित होती है। भूकंप के दौरान इमारतें गिरतीं हैं, क्योंकि अधिकांश इमारतें भूकंपरोधी नहीं होती हैं। राज्य में भूकंपों का लंबा इतिहास दर्ज है।

**हिमाचल** प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं वाला राज्य है। प्रदेश में बादल फटने की घटनाएं कुछ वर्षों से लगातार घटित हो रही हैं। वर्ष 2023-2024 में बादल फटने की घटनाओं ने भयावह रूप धारण कर लिया है। बादल फटने की घटनाओं के लिए हिमालय क्षेत्रों में बढ़ती निर्माण गतिविधियां जिम्मेदार हैं। इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक और प्राकृतिक आपदा जिसका खतरा भी हमेशा मंडरा रहा होता है वह है भूकंप। भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसे रोका नहीं जा सकता, परंतु इसके खतरे की पहचान करके, सुरक्षित संरचनाओं का निर्माण और सुरक्षा पर शिक्षा प्रदान करके इसके प्रभावों को कम किया जा सकता है। भूकंप एक ऐसी अद्भुत घटना है, जो बिना किसी चेतावनी के घटित होती है। भूकंप के दौरान इमारतें गिरतीं हैं, क्योंकि अधिकांश इमारतें भूकंपरोधी नहीं होती हैं। राज्य में भूकंपों का लंबा इतिहास दर्ज है। हिमाचल प्रदेश में 7 जिले चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर बहुत अधिक क्षति जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में आते हैं, जबकि 5 जिले शिमला, किन्नौर, लाहुल-स्पीति और सिरमौर उच्च क्षति वाले जोखिम क्षेत्र में आते हैं। हिमाचल प्रदेश मे वर्ष 2022 में छोटे और मध्यम किस्म के 53 भूकंप आए। साल 2023 में 10 से अधिक झटके महसूस किए गए। मंडी में 9 जुलाई 2024 को सुबह के समय 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। जिला कांगड़ा में भी लगातार थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद भूकंप के झटके आते रहते हैं, परंतु इनकी तीव्रता कम होती है। 4 अप्रैल 1905 की सुबह आए 7.8 की तीव्रता वाले भूकंप ने कांगड़ा में 20,000 इंसानी जानें ली और एक लाख के करीब इमारतें तहस-नहस की। अगर पिछले 100 वर्षों का रिकार्ड देखें तो हिमाचल प्रदेश में 1300 वार भूकंप के झटके आए हैं। इनमें से 7 झटके जिनकी तीव्रता 6 से 6.9 के बीच थी। शेष की तीव्रता कम ही रही है। कई बार अफगानिस्तान में आए भूकंप से धर्मशाला, शिमला और दिल्ली के भवनों के हिलने पर यही कह सकते हैं कि हमारे भवन भूकंप की दृष्टि से बहुत कमजोर हैं। वर्ष 2011 में राज्य द्वारा गिने गए 25,75,947 ढ़ांचों में से कोई भी भूकंप प्रतिरोधी नहीं था। हिमाचल प्रदेश में भवन भूकंप रोधी नहीं हैं। ये नरम मिट्टी एवं ढ़लान पर बने हैं। अगर नरम मिट्टी एवं ढ़लान पर बहुमंजिले भवन बने हों तो भूकंप ज्यादा नुकसान करता है। धर्मशाला में अवैध और बेतरतीब निर्माण को लेकर 2018 मे कार्यवाहक मुख्य नयायाधीश संजय करोल ने राज्य सरकार को फटकार लगाई थी और कहा था कि क्या सरकार सोई हुई है, जो भूकंप के लिहाज से संवेदनशील धर्मशाला में ऐसे निर्माण को होने दे रही है। हाल ही में समाचार पत्र मे छपी एक रिपोर्ट के अनुसार नूरपुर म्यूनिसिपल कमेटी में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण जोरों पर है। कोई नक्शा पास नहीं करवाया जाता है। रेवेन्यू तथा स्थानीय निकाय अवैध निर्माण के लिए कोई नोटिस जारी नहीं करते। वर्तमान में सरकार की शर्तों के अनुसार बिना एनओसी के पानी और बिजली का कनेक्शन भी मिल जाता है। इस तरह का निर्माण आपदा के समय दूसरे भवनों के लिए खतरा होता है। पालमपुर में भी अवैध निर्माण तथा टीसीपी के नियमों के विरुद्ध निर्माण को अनुमति देने के आरोप में म्यूनिसिपल कारपोरेशन के जूनियर इंजीनियर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। अवैध निर्माण और नियमों के उल्लंघन की स्थिति सभी स्थानीय निकायों में नूरपुर और पालमपुर जैसी ही है। कैग ने 2017 में हिमाचल सरकार को चेतावनी दी थी कि शिमला में कई भवन ढ़लान पर बने हैं। भूकंप आने पर ज्यादा नुकसान होगा। अक्तूबर 2021 में शिमला कच्चीघाटी में कच्ची मिट्टी और ढ़लान पर बनी सात मंजिला भवन के गिरने से और साथ लगते भवनों को भी नुकसान हुआ। जुलाई 2019 में सोलन कुमारहट्टी मे धराशायी हुए चार मंजिल होटल में असम राईफल के कुछ सैनिक तथा होटल मालिक की मौत हो गई थी। हिमाचल सरकार को आपदा प्रबंधन नियमों के तहत भवन निर्माण करवाना चाहिए। हिमाचल में सरकारी एवं निजी भवन भूकंपरोधी बनाए जाने चाहिए और पुराने सरकारी एवं निजी भवनों का आडिट कर उनकी खामियों को दुरस्त किया जाना चाहिए। वर्तमान में शहरों एवं गांवों में अवैज्ञानिक तथा बेतरतीब निर्माण हो रहा है, जो भूकंप के समय भयावह स्थिति पैदा करता है तथा बचाव कार्यों में बहुत दिक्कत पैदा करता है। ऐसे निर्माण के लिए म्युनिसिपल कमेटियां, नगर निगम एवं ग्राम पंचायतें जिम्मेदार हैं। इसलिए नियोजित निर्माण के लिए यह अति आवश्यक है कि सरकारी एवं निजी भवनों के नक्शे पास करना, निर्माण का निरीक्षण, टीसीपी के नियमों की अनुपालना, भवन निर्माण के लिए मृदा परीक्षण, संरचना स्थिरता, भूकंप रोधी तकनीकों की अनुपालना, ढ़लान कटिंग, भवनों के सैट बैक, बिजली एवं पानी के कनेक्शन के लिए एनओसी जारी करना, भूकंप रोधी संरचनाओं को बनाने के लिए इंजीनियरों तथा मिस्त्रीयों के लिए कार्यशालाएं आयोजित करने आदि के कार्य नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के माध्यम से ही होने चाहिए। यह एक तकनीकी विभाग है तथा टीसीपी के नियमों से परिचित होता है। इसके लिए टीसीपी विभाग को सुदृढ़ करने की आवश्यकता होगी। टीसीपी विभाग के निष्पक्ष कार्य के लिए किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए।

आप का नजरीया

# राज्यत्व के बिन जनादेश

**जम्मू** कश्मीर में सितंबर माह तक चुनाव कराए ही जाने थे, क्योंकि सर्वोच्च अदालत का आदेश था। जनादेश का यह समय 10 लंबे सालों के बाद आ रहा है, लेकिन कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हो चुके हैं। संसद 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त कर चुकी है, लिहाजा जम्मू-कश्मीर का 'विशेष दर्जा' समाप्त हो चुका है। अब यह भी देश के अन्य राज्यों और संघशासित क्षेत्रों सरीखा सामान्य क्षेत्र है। पुराना राज्य दो भागों में विभाजित कर दिया गया था, लिहाजा राज्यत्व भी एक प्रमुख मुद्दा है। अब एक तरफ जम्मू-कश्मीर संघशासित क्षेत्र है, तो दूसरी तरफ लद्दाख अलग होकर केंद्रशासित क्षेत्र है। अब सितंबर-अक्तूबर में जो विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं, वे इन ऐतिहासिक बदलावों के संदर्भ में होंगे। यह भी गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। अब कश्मीर घाटी की 47 और जम्मू संभाग की 43, अर्थात कुल 90 सीटों पर, लोग जनादेश देंगे। सुखद है कि आतंक से छिले और घिरे एक इलाके में जम्हूरियत फिर लौट रही है। जनता अपने प्रतिनिधि चुनेगी और वे विधानसभा का स्वरूप तय करेंगे। ये चुनाव ऐसे परिदृश्य में हो रहे हैं, जब आतंकवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। जो गिनती भर आतंकी सक्रिय लगते हैं, वे पाकपरस्त घुसपैठिए हैं। उनके खिलाफ सेना और सुरक्षा बलों के ऑपरेशन जारी हैं। वैसे 2024 में ही जम्मू-कश्मीर में 36 आतंकी हमले किए जा चुके हैं। उनमें 35 आतंकी मारे गए और 19 जवान 'शहीद' हुए, जबकि कुछ नागरिक भी मारे गए। ये आंकड़े 2014 के चुनावों से पहले के आतंकवादी माहौल की तुलना में बेहद कम हैं। उस दौर में 5 से 15 फीसदी तक ही मतदान हो पाता था। अब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान 55-58 फीसदी तक मतदान किया गया और दशकों के रिकॉर्ड भी टूटे। बहरहाल आतंकी या उनके समर्थक अलगाववादी तत्त्व या तो जेल में बंद हैं अथवा बचे-खुचे चेहरे अपने घरों के भीतर चुपचाप बैठे हैं, लिहाजा यह दौर जनादेश के लिए बिलकुल सटीक है, लेकिन विधानसभा चुनाव के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के 'राज्यत्व' बहाली पर भी सरकार को स्पष्ट संकेत देने चाहिए थे। राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने अनुच्छेद 370 और राज्यत्व की बहाली तक चुनाव न लडऩे के ऐलान किए हैं। इन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। अनुच्छेद 370 और 35-ए को संसद ने निरस्त किया है और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित फैसला' करार दिया था। इसके बावजूद कांग्रेस यह दावा लगातार करती रही है कि अनुच्छेद 370 अब भी बरकरार है, उसे समाप्त नहीं किया गया। अच्छा यह होगा कि कांग्रेस ही किसी संवैधानिक मंच पर यह स्पष्ट करे कि किन आधारों पर पार्टी ऐसा दुष्प्रचार कर रही है। बहरहाल यह जनादेश का समय इसलिए भी है कि वहां हालात बदल चुके हैं। जिन होटलों के कमरे खाली रहते थे, वे अब लगभग बुक रहते हैं। सभी सार्वजनिक और सामाजिक संस्थान खुल चुके हैं। अब श्रीनगर के 'लाल चौक' पर लोग, 'तिरंगा' लहराते हुए, चुनावों की घोषणा के जश्न मना रहे हैं। बंद या बहिष्कार की कोई हुंकार नहीं है।

# काले हिरण का शव रखकर धरने पर बैठा बिश्नोई समाज, सड़क जाम की

**श्रीगंगानगर ( हिंस )।** जिले के सूरतगढ़ वन क्षेत्र में भगवानगढ़ रोड पर बिश्नोई समाज पिछले 24 घंटे से काले हिरण की हत्या के मामले को लेकर धरने पर है और सड़क जाम कर बैठा है। आरोप है कि वन विभाग की लापरवाही के चलते शिकारी खुले आम शिकार कर रहे हैं। समाज की मांग है कि श्रीगंगानगर डीएफओ दिलीप राठौड़ और सूरतगढ़ रेंजर वेदप्रकाश को हटाया जाए। सूरतगढ़ कस्बे के गांव 64 एलएनपी के रहने वाले किसान बजरंग पूनिया रविवार सुबह छह बजे अपने जब खेत जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें झाड़ियों के पास घायल पड़ा एक काला हिरण नजर आया। उन्होंने इलाके के वन्य-जीव प्रेमियों को इसकी सूचना दी। इस पर वन्य जीव प्रेमी इलाज के लिए हिरण को रिफमलसर वन्य जीव रक्षा चौकी में लेकर पहुंचे। लेकिन, हिरण ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही रायसिंहगर रेंजर जगदेव शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने हिरण का पोस्टमार्टम करने के लिए कहा तो वन्यजीव प्रेमियों ने मना कर दिया। सुबह 11 बजे वन्यजीव प्रेमी हिरण के शव को 9 डीबीएन के रोही क्षेत्र पर लाकर धरने पर बैठ गए। मामले



को लेकर डीएफओ दिलीप सिंह राठौड़ ने कहा कि हिरण की हत्या के मामले में चार संदिग्ध लोगों को डिटेन किया है। जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। इसके बाद धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि प्रशासन लीपापोती कर रहा है। धरना खत्म करने के उद्देश्य से चार लोगों को पकड़ा है। मांगे नहीं मानी गई तो धरना जारी रहेगा। बिश्नोई समाज के नेता अमित कड़वासरा ने कहा कि सूरतगढ़ उपखंड के वन क्षेत्र के चक 9 डीबीएन की रोही में शिकारी ने गोली मारकर एक काले हिरण और खरगोश का शिकार कर दिया। प्रशासन वन क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधियों पर ध्यान नहीं दे रहा है। अब भी विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला कलेक्टर को धरने पर बुलाने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिन अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग की जा रही है। उन्हीं को वार्ता के लिए भेजा गया है। रविवार सुबह 10 बजे रायसिंहनगर के रेंजर जगदेव शर्मा ने वन्यजीव प्रेमियों से समझाइश की। शिकारियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने सुबह 11:15 बजे धरना शुरू कर दिया। वहीं उनके समर्थन में आसपास के ग्रामीण भी पहुंच गए। दूसरे दौर की बातचीत करने दोपहर करीब 12 बजे सूरतगढ़ के तहसीलदार हाबूलाल मीणा, डीएसपी प्रतीक मील, और सदर थानाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ हुई। इस वार्ता का भी कोई परिणाम नहीं निकला। शाम चार बजे श्रीगंगानगर से पहुंचे एडीएम (विजिलेंस) कैलाश शर्मा के साथ हुई, लेकिन धरनास्थल पर मौजूद वन्यजीवों ने क्लेक्टर को मौके पर बुलाने की शर्त रख दी। इसलिए ये बातचीत भी बेनतीजा रही। चौथे दौर की वार्ता रविवार शाम सात बजे पदमपुर से पहुंचे एसडीएम संदीप काकड़ और एडिशनल एसपी रघुवीर सिंह के नेतृत्व में की गई, मगर वन्यजीव प्रेमियों ने उनसे बात करने से मना कर दिया। रात नौ बजे तक करीब 200 से ज्यादा मौके पर पहुंच गए थे। इसलिए सोमवार को आगे की रणनीति बनाने का आह्वान करते हुए रात को जागरण का आयोजन किया गया। वन्य प्रेमियों ने वहीं पर रात गुजारी गई।

## बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर बांधा रक्षा धागा



**जोधपुर ( हिंस )।** शहर में आज रक्षा बंधन का पर्व पूर्ण उमंग और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। बहनों ने अपने अपने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधा। दोपहर डेढ़ बजे बाद रक्षाबंधन पर्व को लेकर धूम मच गई। रोडवेज बसों में आज निःशुल्क यात्रा महिलाओं के लिए रखी गई जोकि रात 12 बजे तक जारी रहेगी। आज सावन का अंतिम सोमवार भी है। ऐसे महिलाओं ने सावन के अंतिम और पांचवें सोमवार का व्रत भी रखा। बहन भाई के प्रेम स्नेह और समर्पण के पर्व रक्षाबंधन आज श्रावण पूर्णिमा पर शहर में धूमधाम से दोपहर बाद भद्रा टलने के बाद मनाया गया। दोपहर में शहर के बाजार पूरी तरह गुलजार रहे। मिठाईयों की दुकानों पर जमकर खरीद फरोख्त हुई वहीं बाजारों में सजी राखियां भी खूब बिकी। रक्षाबंधन के पर्व पर आज जहां बहनों ने अपने भाईयों की सुरक्षा और लंबी उम्र की दुआओं के लिये रक्षासूत्र बांधने का काम किया इसके साथ सैन्य बलों, बीएसएफ, पुीलिस और सुरक्षा एजेंसियों में छुट्टिया नहीं मिलने पर सीमावर्ती क्षेत्रों में भी बहनों ने इन जवानों को रक्षाबंधन बांध कर उनकी लंबी उम्र की दुआएं की।

## कांग्रेस उतारे उम्मीदवार जजपा करेगी भाजपा के खिलाफ वोट : दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा राज्य की एक सीट के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता दुष्यंत चौटाला ने कांग्रेस को घेर लिया है। दुष्यंत चौटाला ने इस चुनाव में कांग्रेस से अपना उम्मीदवार उतारने की मांग की है। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन का अंतिम दिन है। ऐसे में अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने अपने पत्ते नहीं को खोले हैं। राज्यसभा जाने के लिए भाजपा नेता लॉबिंग करने में लगे हैं। कांग्रेस बहुमत के करीब होने के बावजूद चुप है। इस बीच पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 21 अगस्त हरियाणा राज्यसभा चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि है। अब तो हमारी पार्टी के चार-पांच विधायक भी कांग्रेस के हो चुके हैं। कांग्रेस का उम्मीदवार जीतने के करीब है। दुष्यंत ने कहा कि अगर भूपेंद्र हुड्डा की भाजपा के साथ साठगांठ नहीं है तो वह राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करें। हम पहले ही भाजपा के खिलाफ वोट करने का वादा कर चुके हैं। दुष्यंत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि जेल के डर से बार-बार बिकता रहे। उधर का हो और इधर का दिखता रहे। दुष्यंत चौटाला के इस ट्वीट के बाद राज्यसभा को लेकर माहौल गरमा गया है। किसी भी समय भाजपा अपना उम्मीदवार उतार सकती है। अब सभी की नजरें विपक्षी दल कांग्रेस पर लगी हैं कि वह अपना उम्मीदवार उतारती है या फिर भाजपा का उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीतकर राज्यसभा में जाता है। उल्लेखनीय है कि दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई राज्यसभा की एक सीट के लिए चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो चुका है। विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर यह साफ है कि यह सीट भाजपा के पास जाएगी। राज्यसभा के लिए चुने जाने वाले सदस्य का कार्यकाल वर्ष 2026 तक रहेगा।

## अखिलेश यादव ने फिर कसा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर तंज



**लखनऊ ( हिंस )।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक दिन पूर्व मंच से तारीफ की थी। उन्हें देश का बेस्ट मुख्यमंत्री बताया। इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को तंज कसा है। अखिलेश यादव ने इस मामले पर सोशल मीडिया अकाउंट (एक्स) पर लिखा कोई *उप* डबल हार के *उपहार* के बाद भी डबल इंजन का प्रशंसा-प्रमाण पत्र बांट रहे हैं। अगर माननीय सही काम कर रहे होते तो दो *उप मुख्यमंत्री* की क्या जरूरत पड़ती। इसका मतलब या तो वो सही काम नहीं कर रहे हैं या फिर बाकी दो बेकाम हैं, नाकाम हैं, और उनका काम दरबारी चारण की तरह करना बस स्तुतिगान है। अगर उप सच में उपयोगी होते हैं, तो दिल्ली के मंडल में भी होने चाहिए थे, परंतु हैं नहीं! इसका जवाब देंगे *उप* या रहेंगे *चुप* ? उल्लखनीय है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इससे पूर्व रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान भी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर तीखा बयान दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच इन दिनों विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के बीच जुबानी बयानबाजी का दौर जोरों पर हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी सपा के उप्र में होने वाले उपचुनाव में सभी 10 सीटों पर हारने का दावा कर चुके हैं।

## सिरसा: गोपाल कांडा का काम है 1 सीट जीतो और फिर सीएम से सीएलयू करवाओ : रणजीत सिंह चौटाला

**सिरसा ( हिंस )।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं भाजपा नेता रणजीत सिंह ने सोमवार को शहर के सिरसा मार्ग पर स्थित गाबा रिसॉर्ट में अपने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपनी हाजिरी दर्ज करवाई। इस कार्यक्रम में भाजपाका कोई नेता या कार्यकर्ता दिखाई नहीं दिया। न ही कहीं भाजपा का झंडा दिखाई दिया। ऊर्जा मंत्री ने निजी तौर पर बुलाई बैठक में कई वक्ताओं ने अपने -2 विचार व्यक्त किए। ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि वे रानियां हल्का से ही चुनाव लड़ेंगे, कयोंकि उन्होंने रानियां हल्का वासियों के लिए अनेकों विकास कार्य किए हैं और हल्का की जनता भी चाहती है कि इसी तरह हलका का विकास निरंतर चलता रहे। उन्होंने कहा कि देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश का रिकॉर्ड तोड़ विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में रानियां से चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह निश्चित तौर पर चुनाव लड़ेंगे। ऊर्जा मंत्री ने रानियां में विशाल कार्यक्रम आयोजित करके कार्यकर्ताओं की फौज रूपी ताकत दिखाई है। भले ही इस कार्यक्रम में रानियां के अलावा दूर दराज के इलाके से कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपनीहाजिरी दर्ज करवाई है। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता या नेता दिखाई नहीं दिया। इस बारे मेंभाजपा नेताओं ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण नहीं दिया गया है जिसके कारण वे नहीं पहुंचे। इस कार्यक्रम में पहुंचने वाले किसी भी वाहन पर भाजपा का झंडा दिखाई नहीं दिया। इस कार्यक्रम के उपरांत ऊर्जा मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ जलपान भी किया। ऊर्जा मंत्री द्वारा बुलाई गई बैठक और भाजपा के झंडे न लगाए जाने की चर्चा पूरे इलाका में आग की तरह फैल गई है। अब देखना यह है कि ऊर्जा मंत्री भाजपा पार्टी कीओर से चुनाव लड़ते हैं या आजाद के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी से हटकर बुलाई जाने वाली निजी बैठक से जाहिर होता है कि आजाद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ेंगे।

## पीएम मोदी के जोधपुर आगमन को लेकर मारवाड़ के लोग उत्साहित : शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 अगस्त को जोधपुर आगमन को लेकर मारवाड़ के लोग उत्साहित हैं और उनका स्वागत करने के लिए आतुर हैं। सोमवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। अब उच्च न्यायालय अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है। अमृतकाल की इस बेला पर प्रधानमंत्री जी के सानिध्य में पिछले वर्ष हुए कार्यक्रमों का समापन होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जोधपुर के लोग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए आतुर हैं। जोधपुर में अबोध बालिका से दुष्कर्म की घटना पर शेखावत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जोधपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। मैंने निर्देश दिया है कि आरोपी को सख्त सजा मिले और तुरंत सजा का प्रावधान हो। उन्होंने कहा कि मैं यह मानता हूं कि आने वाले समय में जिस तरह से प्रधानमंमत्री जी के नेतृत्व में भारत की न्याय संहिता को स्थापित किया गया है, जिसमें त्वरित फैसले हों और पीड़ित को न्याय मिले, इसका विधान किया गया है। पोक्सो कानून और अबोध बच्चों के साथ ऐसी हैवानियत के अपराधियों को कठोरता सजा का प्रावधान है। शेखावत ने उदयपुर की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी लोगों से शांति और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो, ऐसा सुनिश्चित किया जाए, ऐसा प्रशासन से आग्रह करता हूं। रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए शेखावत ने कहा कि त्योहारों की सुधीर श्रृंखला में रक्षाबंधन का त्योहार एक कौस्तुभ मणि के रूप में है। हम सब लोग राष्ट्र, प्रकृति, पर्यावरण, धर्म, संस्कृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण का संकल्प लें।

## कोलकाता की घटना के विरोध में सामाजिक संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च

**मुरादाबाद ( हिंस )।** महानगर के समस्त सामाजिक संगठनों की ओर से कोलकाता में मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ हुई बर्बरता घटना के विरोध में सोमवार शाम को कैंडल मार्च निकाला गया। जो गांधी पार्क कंपनी बाग से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस पर सम्पन्न हुआ। अंबेडकर पार्क में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक सभा की। जिसे सरदार गुरविंदर सिंह, नीतू सक्सैना, रमेश आर्य आदि सम्मानित नागरिकों ने संबोधित किया। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से मुरादाबाद नागरिक समाज, परिवर्तन दी चेंज, आओ हाथ बढ़ाएं, पराग ह्यूमन फाउंडेशन, अल्फाज अपने फाउंडेशन, आर्य समाज, इवाईएलएम बैठक फाउंडेशन, आप सबकी रसोई, प्रकृति सेवा समिति, कृति फाउंडेशन ट्रस्ट, वर्क चैप्टर




मुरादाबाद, रोबिन हुड आर्मी, सोशल फाउंडेशन, उम्मीद संस्था, बढ़ते कदम, सीता रसोई, साहित्यिक मुरादाबाद, पतंजलि योग समिति, आर्य वीर दल, प्यूपिल फॉर एनिमल, डीपीजीएस स्कूल, आदि विभिन्न संस्थाएं शामिल रहीं। आर्य समाज बुध बाजार के मंत्री रमेश आर्य ने बताया कि मंगलवार शाम को इसी संदर्भ में कंपनी बाग में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## रक्षा बंधन पर एसएसबी और पुलिस अधिकारियों को ब्रह्माकुमारी संस्था ने किया सम्मानित

**अररिया, ( हिंस )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय फारबिसगंज द्वारा एसएसबी 56वीं बटालियन मुख्यालय में रक्षा बंधन के मौके पर अधिकारियों और जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर ओम शांति केंद्र की संचालिका बीके रुकमा दीदी ने रक्षा बंधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सैनिकों को प्रोत्साहित किया और एसएसबी कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम, सहायक कमांडेंट दीपक शाही और मेडिकल पदाधिकारी को शाल ओढ़ाकर तथा टीका लगाकर सम्मानित किया। कमांडेंट श्री सुरेंद्र विक्रम ने अपने संबोधन में कर्तव्यों के प्रति जागरूकता व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के अवसर पर यहां आकर हमें स्नेह और सम्मान से अभिभूत किया गया है। इसके अतिरिक्त ओम



शांति केंद्र की संचालिका बीके रुकमा दीदी और सह-संचालिका बीके सीता दीदी के नेतृत्व में फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साह की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। बीके रुकमा दीदी ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में लगे पदाधिकारी घर से दूर रहकर सेवा में तत्पर रहते हैं और उनके त्योहारों पर उनकी भावनाओं को समझना और अपनत्व का एहसास कराना सबों की जिम्मेदारी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साह ने कहा कि जब घर से दूर रहकर त्योहार मनाने का मौका मिलता है, तब फारबिसगंज वासी हमेशा साथ खड़े रहते हैं, और इस परंपरा की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है।

## सत्संग की आड़ में कराया जा रहा धर्म परिवर्तन बजरंग दल के पहुंचने पर बंद हुआ खेल



**बिजनौर ( हिंस )।** सत्संग की आड़ में धर्म परिवर्तन करने के लिए चलाए जा रहे सत्संग को रोकने पहुंचे बजरंग दल ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलवा लिया। लेकिन पुलिस पहुंचने के पहले ही सभी वहां से खिसक गये। मालूम हो कि नहटौर थाना अंतर्गत गांव दबथला में उदय राज सैनी के घर पर एक मिशनरी के लोग सत्संग कर रहे थे। जानकारी होने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता गांव में पहुंच गए। जहां सत्संग की आड़ में लोगों को बीमारियों से छुटकारा आदि दिलाने का झांसा दिया जा रहा था। एक धर्म के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा रहा था। जिसके लिए कुछ लोग पैसे की लालच में इस काम में सहयोग करने के साथ लोगों को जोड़ रहे थे। भोले भाले ग्रामीण, गरीब, बीमार परेशान लोगों को सत्संग में बुलाया जाता है। सत्संग की आड़ में धर्मांतरण कराए जाने की सूचना पर बजरंग दल के जिला मिलन प्रमुख राजन चंद्र, जिला सह संयोजक अनमोल, जिला सुरक्षा प्रमुख अंशुल त्यागी, नगर संयोजक निशु सैनी, प्रखंड अध्यक्ष अवधेश, विभाग धर्म प्रसार प्रमुख नेपाल सिंह, सूरज सैनी मौके पर पहुंचे। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के आने की भनक के लगने पर सत्संग को आनन-फानन में बंद करके शामिल महिलाएं बच्चे मौके से निकल गए। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची। लेकिन तब तक सभी निकल गए थे।

## बिहार के मदरसों में पढ़ाई जा रही किताब *तालीम उल-इस्लाम* में गैर-मुस्लिमों को काफिर बताया

**पटना ( हिंस )।** बिहार के मदरसों में पढ़ाई जा रही किताब *तालीम-उल-इस्लाम* में गैर-मुस्लिमों को काफिर बताया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा, तालीम-उल-इस्लाम किताब को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इसे किफायतुल्लाह साहब ने लिखा है। अभी बिहार के मदरसों में बच्चों को बड़े पैमाने पर पढ़ाया जा रहा है। इन मदरसों में गैर-हिंदुओं के भी दाखिला लेने की खबरें हैं। इस पुस्तक को बिहार राज्य मदरसा बोर्ड ने सलेक्ट किया है। प्रियंका कानूनगो के मुताबिक जब आप वेबसाइट पर जाते हैं और इस लिंक को क्लिक करते हैं तब यह लिंक आपको पाकिस्तान में रीडायरेक्ट करता है और जब हम उसका अंग्रेजी अनुवाद पढ़ते हैं तो उसके पेज नंबर 20 और 22 में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जो लोग एक से ज्यादा भगवान को मानते हैं, वो काफिर हैं। बिहार सरकार ने भी माना है कि वहां मान्यता प्राप्त मदरसों में बड़े पैमाने पर हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। इसमें हिंदू बच्चों को ये बताना कि वो एक से ज्यादा भगवान में




विश्वास करेंगे तो काफिर कहलाएंगे, एकदम गलत बात है। ऐसे में बच्चों में मनोवैज्ञानिक रूप से गलत असर पड़ेगा। उनके विकास में बाधा उत्पन्न होगी। उनके अंदर एक हीन भावना का विकास होगा। हम राज्य सरकार से लगातार कह रहे हैं कि इन हिंदू बच्चों को मदरसों से बाहर कीजिए। प्रियंका कानूनगो ने कहा कि इसमें सरकारी फंडिंग के साथ ही यूनिसेफ का पैसा भी शामिल है। यूनिसेफ तो बच्चों के हित और अधिकारियों के लिए काम करती है। ऐसे में कैसे यूनिसेफ इस तरह का सिलेबस तैयार कर दे सकती है। यूनिसेफ ने उन पैसों का गलत इस्तेमाल किया है, जो उन्हें पूरी दुनिया से मिले हैं। इसकी जांच यूएन को करनी चाहिए। हम फिलहाल मदरसे की पूरी अध्ययन सामग्री की जांच कर रहे हैं। इस आलोचना के बाद बिहार मदरसा बोर्ड के चेयरमैन बी कार्तिकेय धनजी ने बातचीत में कहा कि आयोग से उन्हें ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। कार्तिकेय ने कहा कि एनसीपीसीआर की ओर से भी हमें कोई लिखित या मौखिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। जबतक हमें कोई सूचना नहीं मिलती हम इस विषय में कुछ नहीं बोल सकते हैं। यदि इस तरह की कोई रिपोर्ट है तो हमें सूचित करनी चाहिए। हम इस पर जरूर कार्रवाई करेंगे। बिहार सरकार में भाजपा के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि देश के कई राज्यों में इस बात को लेकर चर्चा हुई है। ये देशहित में नहीं है। उन स्थानों (मदरसा) पर निश्चित तौर पर जांच होनी चाहिए। उनके गतिविधियों की जानकारी सरकार तक होनी चाहिए। यदि कोई सरकार विरोधी या राष्ट्र विरोधी काम कर रहा है तो हमारा मानना है कि ऐसे संस्थाओं की जांच होनी चाहिए। उन पर अंकुश लगनी चाहिए।




# एक्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण! सरकारी बैंकों के प्रदर्शन का लिया जायजा, दिए कई अहम निर्देश

**नई दिल्ली।**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार 19 अगस्त को सभी सरकारी बैंकों के प्रमुखों से मुलाकात कर उनके परफॉर्मेंस की समीक्षा की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब एक हफ्ते पहले ही वित्त मंत्री ने बैंकों को पैसे जमा करने और लोन देने के अपने मुख्य काम पर फोकस करने के लिए कहा था। इस बैठक में बैंकों की मौजूदा स्थिति, उनकी चुनौतियों, और भविष्य की रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली में विभिन्न मापदंडों पर सरकारी बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज के सेक्रेटरी विवेक जोशी, अगले कुछ दिनों में जोशी की जगह बनने वाले नए सेक्रेटरी एम नागराजू, सरकारी बैंकों के एमडी और सीईओ, और फाइनेंशियल सर्विसेज डिपार्टमेंट के कई सीनियर अधिकारी भी शामिल हुए।'

इससे पहले भारतीय रिजर्व के बोर्ड की बीते 10 अगस्त को हुई बैठक के बाद, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्मला सीतारमण ने बैंकों से डिपॉजिट और लोन से जुड़ी मुख्य बैंकिंग गतिविधियों पर ध्यान देने को कहा था।

उन्होंने कहा कि डिपॉजिट और लेंडिंग एक ही गाड़ी के दो पहिये हैं और 'डिपॉजिट इस समय धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि बैंकों को अपने कोर बैंकिंग बिजनेस पर ध्यान देने की जरूरत है। कोर बैंकिंग का मतलब है कि बैंक जमा जुटाने पर फोकस करें और उन लोगों को उधार दें, जिन्हें धन की आवश्यकता है।

डिपॉजिट और लेंडिंग के बीच असंतुलन को दूर करने के लिए, सीतारमण ने बैंकों से 'नए और आकर्षक' डिपॉजिट स्कीमें बनाने के लिए कहा, जिससे लोगों में पैसे रखने के लिए प्रेरित हों।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि ब्याज दरें पर कोई नियंत्रण नहीं है और अक्सर बैंक डिपॉजिट आकर्षित करने के लिए जमा दरों में बढ़ोतरी करते हैं। दास ने कहा, 'बैंक ब्याज दरों पर फैसला करने के लिए स्वतंत्र हैं।'

## न्यूज ब्रीफ

### भारत में फॉक्सकॉन का कारोबार 10 अरब डॉलर के पार




**नई दिल्ली।** चीन से अपना कारोबार छोड़कर भारत आई इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी फॉक्सकॉन के वारे न्यारे हो गए हैं। भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल ने विदेशी कंपनियों को यहां निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया था, इसके बाद फॉक्सकॉन ने भारत आने में देर नहीं की। चीन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करने वाली इस कंपनी को शायद अनुमान नहीं था कि भारत में उसे ऐसी शानदार कामयाबी मिलेगी। दरअसल, फॉक्सकॉन के भारत में कारोबार ने 2024 तक 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि निवेश केवल 1.4 अरब डॉलर का ही किया था। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले साल तक, हमने 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का कारोबार किया है और आने वाले साल में हम इससे भी अधिक करेंगे। वे यह बात फॉक्सकॉन के महिलाओं के लिए बनाए गए आवासीय कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन के दौरान ही कही थी जो फॉक्सकॉन के प्लांट के पास है। फॉक्सकॉन के भारतीय संयंत्र में फिलहाल करीब 48,000 कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें से 70 फीसदी महिलाएं हैं। तमिलनाडु का यह प्लांट देश में महिलाओं की सबसे बड़ी संख्या में रोजगार देने वाला संयंत्र है। यह कॉम्प्लेक्स 20 एकड़ में फैला हुआ है, जिसकी कुल लागत करीब 706 करोड़ रुपये है, और इसमें 18,000 से अधिक महिला कर्मचारी एक साथ रह सकेंगी।

### अशोक कुमार सिंह ने ईएसआईसी के महानिदेशक का कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के महानिदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि अशोक कुमार सिंह ने ईएसआईसी के महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। वह केरल कैडर के 1999 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे केरल सरकार के जल संसाधन विभाग में प्रधान सचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्हें जिला और राज्य स्तरीय संगठनों के शासन और प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। मंत्रालय के मुताबिक अशोक कुमार सिंह केंद्र स्तर पर वे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में कार्यकारी निदेशक, रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में निदेशक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय, नई दिल्ली से एम. फिल. की डिग्री हासिल की है। वे आईआईटी, कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।

### खाने में माइक्रो प्लास्टिक का पता लगाएगी एफएसएसएआई



**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों में माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के कण की मिलावट का पता लगाने के लिए एक खास परियोजना शुरू की है। इसके तहत माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को एक उभरता हुआ खतरा माना गया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। एफएसएसएआई के एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह परियोजना इस साल मार्च में शुरू की गई थी। परियोजना का नाम उभरते खाद्य संदूषक के रूप में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक: मान्य पद्धतियों की स्थापना और विभिन्न खाद्य मैट्रिक्स में व्यापकता को समझना है। इसका मकसद विभिन्न खाद्य उत्पादों में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक का पता लगाने के लिए विश्लेषणात्मक तरीकों को विकसित करना और उन्हें मान्यता देना है। परियोजना के तहत भारत में माइक्रो और नैनो प्लास्टिक मिलावट के जोखिम स्तर का आकलन भी किया जाएगा। प्रोजेक्ट के शुरुआती उद्देश्यों में माइक्रो, नैनो-प्लास्टिक विश्लेषण के लिए मानक प्रोटोकॉल विकसित करना, इंट्रा- और इंटर-लैबोरेटरी तुलना करना और उपभोक्ताओं के बीच माइक्रोप्लास्टिक जोखिम के स्तर पर महत्वपूर्ण डेटा तैयार करना शामिल है। यह अध्ययन देश भर के बड़े रिसर्च सेंटर्स के सहयोग से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिनमें सीएसआईआर-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (लखनऊ), आईसीएआर-केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (कोच्चि) और बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (पिलानी) शामिल हैं।

### कंसोलिडेशन के मूड में शेयर बाजार, सीमित दायरे में होता रहा कारोबार

# छोटे और मझोले शेयरों से निवेशकों ने की 3 लाख करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली।**
शुक्रवार की जोरदार तेजी के बाद सप्ताह के पहले दिन सोमवार को ही घरेलू शेयर बाजार कंसोलिडेशन के मूड में नजर आया। पूरे दिन शेयर बाजार में सीमित दायरे में कारोबार होता रहा। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी ने 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को कारोबार का अंत किया।

सोमवार को दिन भर के कारोबार में ऑयल एंड गैस, एनर्जी और मेटल सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। ऑटोमोबाइल और बैंकिंग सेक्टर में लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.33 प्रतिशत उछल कर के कारोबार का अंत किया।



सोमवार को बाजार में सीमित दायरे में कारोबार होने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 454.57 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 451.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 2.98 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,165 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,710 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,322 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 133 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,173 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,784 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 389 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 18 शेयर बढ़त के साथ और 12 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 243.41 अंक की मजबूती के साथ 80,680.25 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में ये सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से उछल कर 80,724.40 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। शेयर बाजार की ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी, क्योंकि पहले घंटे के कारोबार में ही मुनाफा वसूली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स सारी बढ़त गंवा कर 104.19 अंक की कमजोरी के साथ 80,332.65 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से सेंसेक्स निचले स्तर से 90 अंक से अधिक की रिकवरी करके 12.16 अंक की मामूली गिरावट के साथ 80,424.68 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 95.20 अंक की बढ़त के साथ 24,636.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आई। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से ये सूचकांक 18.20 अंक की कमजोरी के साथ 24,522.95 अंक के स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से निफ्टी ने 31.50 अंक की मजबूती के साथ 24,572.65 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया।

दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 3.89 प्रतिशत, बीपीसीएल 3.40 प्रतिशत, श्रीराम फाइनेंस 3.16 प्रतिशत, टाटा स्टील 2.97 प्रतिशत और एलटी माइंड्ट्री 2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.65 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 1.21 प्रतिशत, बजाज ऑटो 1.19 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.17 प्रतिशत और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

### एफएसएसएआई जांच के बाद कंपनियों पर कर रही कार्रवाई

# देश के 12 फीसदी मसाले सुरक्षा मानकों में खरे नहीं उतरे: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**
देश के दो प्रसिद्ध मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों की गुणवतता पर कई देशों द्वारा सवाल उठाने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने मसालों की जांच की थी। अब इस जांच की रिपोर्ट सामने आ गई है। बताया जा रहा है कि जांचे गए मसालों के लगभग 12 फीसदी नमूने गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कीटनाशकों के उच्च स्तर के कारण अप्रैल में हांगकांग द्वारा एमडीएच और एवरेस्ट ब्रांडों के कुछ लोकप्रिय मसाला मिश्रणों की बिक्री को निलंबित करने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मिश्रित मसाला मिश्रणों की जांच, सैंपलिंग और परीक्षण किया। इसके बाद ब्रिटेन ने भारत से सभी मसालों के आयात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया, जबकि न्यूजीलैंड, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने इन ब्रांडों से संबंधित मुद्दों की जांच की बात कही। एमडीएच और एवरेस्ट ने कहा है कि



उनके उत्पाद उपभोग के लिए सुरक्षित हैं। उनके मसाले भारत में सबसे लोकप्रिय हैं जो दुनिया का सबसे बड़ा मसालों का निर्यातक, उत्पादक और उपभोक्ता है। ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में बेचे जाते हैं।

सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त डेटा से पता चलता है कि मई और जुलाई की शुरुआत के बीच परीक्षण किए गए 4,054 नमूनों में से 474 गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने एक बयान में बताया कि उसने जिन मसालों का परीक्षण किया, उनके ब्रांडों के अनुसार विवरण नहीं है, लेकिन वह गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरने वाली कंपनियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रक्षाबंधन के दिन सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल और डीजल की ताजा कीमतों में कई शहरों में बदलाव दिख रहा है। वैश्विक बाजार में भी कच्चा तेल 80 डॉलर के आसपास पहुंच गया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतम बुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 9 पैसे महंगा होकर 94.75 रुपये लीटर हो गया है। डीजल भी 10 पैसे चढ़ा और 87.86 रुपये लीटर पहुंच गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 94.65 रुपये लीटर, डीजल 30 पैसे चढ़कर 87.75 रुपये लीटर बिक रहा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 31 पैसे महंगा हुआ और 104.88 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 29 पैसे चढ़कर 90.36 रुपये लीटर है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी उछाल दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 79.50 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़त के साथ 76.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

# आने वाले त्योहारी सीजन में बढ़ेगा खुदरा कारोबार : बाटा

**नई दिल्लीं।**
देश की प्रमुख कंपनी बाटा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खपत में सुस्ती अस्थायी है और आने वाली तिमाहियों में त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने तथा खुदरा कारोबार में विस्तार से क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है। कंपनी को उम्मीद है कि ई-कॉमर्स के जरिए उसकी वृद्धि में तेजी आएगी। इसका कारण कंपनी अपने पोर्टल और भागीदारों के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री का विस्तार कर रही है। ई-कॉमर्स अब अब एक लाभदायक और व्यवहारिक कारोबार है। इसके अलावा, नई पीढ़ी को आकर्षित करने की अपनी रणनीति के तहत बाटा अपनी दुकानों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए उसके नवीनीकरण में भी निवेश कर रही है। साथ ही किफायती उत्पादों के साथ-साथ नये-नये उत्पादों में भी निवेश कर रही है। कंपनी के उत्पादों के खरीदारों में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में खपत में कुछ सुस्ती देखी जा




रही है। इसके कारण कारोबार पर प्रभाव पड़ा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी अपने प्रयास, निवेश और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों और उपायों को जारी रख रही है। बाजार में निचले और मध्यम स्तर पर कुछ नरमी रही है। इसका कारण आम चुनाव और अत्यधिक गर्मी का पड़ना रहा है। कंपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत प्रासंगिक उत्पादों पर ध्यान देगी। साथ ही ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से खुदरा कारोबार को बढ़ाने और विपणन, ब्रांड और उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने में निवेश करेगी।

### कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सुनाया बड़ा फैसला

# वाहन चालक के हेलमेट नहीं पहनने पर भी इंश्योरेंस कंपनी कम नहीं कर सकती क्लेम

**नई दिल्ली।**
अगर बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहनना और ऐसी स्थिति में एक्सीडेंट हो जाता है तब भी इंश्योरेंस कंपनी क्लेम कम नहीं कर सकती हाल ही में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि यदि दुर्घटना के लिए बाइक सवार दोषी नहीं है, तो बीमा कंपनी हेलमेट न पहनने के कारण घायल बाइक सवार को मिलने वाले दावे की राशि कम नहीं कर सकती।



बाइक एक्सिडेंट पर कम क्लेम मिलने के एक मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा, हेलमेट पहनना सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन यह मुआवजे (की मात्रा) को कम करने का एकमात्र मानदंड नहीं होना चाहिए। मोटर वाहन दुर्घटनाओं में सहभागी लापरवाही की अवधारणा तभी सामने आती है, जब घायल पक्ष की खुद की लापरवाही दुर्घटना में योगदान देती है। रामनगर जिले के सदाथ अली खान की बाइक 5 मार्च, 2016 को एक तेज रफ्तार कार से भिड़ गई। जिसमें उसकी मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और खान को भी कई चोटें आईं। इसे. खान ने अपने इलाज में 10 लाख रुपये खर्च होने के बाद बीमा दावों की मांग करते हुए मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण का रुख किया। हालांकि, न्यायाधिकरण ने 24 सितंबर, 2020 के अपने आदेश में उन्हें मुआवजे के रूप में 5.6 लाख रुपये दिए, जिसमें कहा गया कि दुर्घटना के समय दावेदार ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। खान ने आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में दलील दी कि दुर्घटना के बाद वह अपनी 35,000 रुपये प्रति माह की नौकरी जारी रखने में असमर्थ हो गया था। न्यायालय ने खान को दुर्घटना में शामिल कार के बीमाकर्ता द्वारा देय 6,80,200 रुपये का बढ़ा हुआ मुआवजा दिया। मालूम हो कि यदि कोई हेलमेट पहनकर बाइक नहीं चलाता है और उसका एक्सिडेंट हो जाता है, तो ऐसे में इंश्योरेंस कंपनी ग्राहक को मिलने वाली क्लेम की राशि कम कर देती हैं। इंश्योरेंस कंपनियों का तर्क होता है कि बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहना था इसलिए उसका क्लेम कम किया जा रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।**
ग्लोबल मार्केट से सोमवार को मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करते रहे, लेकिन आखिरी घंटे में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आमतौर पर मजबूती नजर आ रही है।

ब्याज दरों में कमी होने की उम्मीद की वजह से पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,554.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,631.72 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 40,640.69 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।



यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद अंत में हुई बिकवाली की वजह से मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.43 प्रतिशत टूट कर 8,311.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,449.70 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स 139.16 अंक यानी 0.76 प्रतिशत उछल कर 18,322.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिका से मिल रहे मजबूत संकेतों की वजह से एशियाई बाजारों में भी सोमवार को आमतौर पर मजबूती दिखाई दी। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 358.07 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37,704.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.38 प्रतिशत फिसल कर 2,687.11 अंक के स्तर तक गिर गया है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,613 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 3,353.36 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स और सेट कंपोजिट इंडेक्स में सोमवार को बड़ी तेजी नजर आ रही है।

फिलहाल हैंग सेंग इंडेक्स 184.46 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की उछाल के साथ 17,614.62 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 1.24 प्रतिशत मजबूत होकर 1,319.15 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,393.89 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,441.37 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.52 प्रतिशत उछल कर 2,894.57 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# एफएमसीजी को उम्मीद, ग्रामीण बाजारों में बढ़ेगी बिक्री

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपयोग वाले उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) को उम्मीद है कि बढ़ती खाद्य महंगाई की चिंताओं के बावजूद ग्रामीण बाजारों में मांग में सुधार और अच्छे मानसून के कारण आगामी तिमाहियों में उनकी बिक्री में वृद्धि जारी रहेगी। ऐसे में छोटे दुकानदारों को बिक्री भी बढ़ेगी और उनकी आय में अच्छी बढ़ोतरी होगी। दिग्गज एफएमसीजी कंपनीज एचयूएल, आईटीसी, डाबर, ब्रिटानिया, नेस्ले और इमामी की जून तिमाही की आय में ग्रामीण बाजारों से अच्छी खबर और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिये मजबूत वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में उद्योग की मात्रा वृद्धि लगभग 6.6 प्रतिशत रही. हालांकि, कंपनियां खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने से चिंतित हैं क्योंकि कॉफी और कोकोआ की कीमतें अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई हैं। अनाज और अनाज की कीमतों में वृद्धि की संभावनाओं के बीच कुछ कंपनियों ने कीमतों में बढ़ोतरी का संकेत भी दिया है। डाबर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आगे चलकर ग्रामीण क्षेत्रों में हमारी बिक्री में वृद्धि होगी। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि अच्छे मानसून, सुधरते वृहद आर्थिक संकेतकों और ग्रामीण-केंद्रित सरकारी खर्च के साथ एफएमसीजी मांग में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होगी।





# इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया 171 रनों से हराया

**मकाय।** प्रिया मिश्रा और मिन्नू मनी की अच्छी गेंदबाजी से इंडिया ए महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हुए तीसरे मैच को 171 रनों से जीत लिया। भारतीय महिला टीम की ओर से प्रिया ने 5 और मिन्नू ने 2 विकेट लिए। भारतीय टीम की कसी हुई गेंदबाजी के कारण जीत के लिए मिले 244 रनों के लक्ष्य का पीछा ऑस्ट्रेलिया ए 22.1 ओवर में 72 रन ही बना पायी। उसकी ओर से मैडी डार्क ने सबसे अधिक 22 जबकि टेस फ्लिंटॉफ ने 20 और चार्ली नॉट ने 11 रन बनाए।

इसके अलावा अन्य बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने पहले दो मैच जीते थे। ऐसे में उसे सीरीज में 2-1 से जीत मिल गयी। भारतीय टीम की ओर से प्रिया और मिन्नू के अलावा साइका इशाक, सोप्पाधांडी यशश्री और मेघना सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने टॉस जीतकर इंडिया ए महिला टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। इंडिया ए टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में श्वेता सेहरावत खाता खोले बिना ही आउट हो गयीं। इसके बाद किरण नवगिरे और उमा छेत्री ने पारी को आगे बढ़ाया। नवगिरे ने 23 गेंद पर 25 रन जबकि उमा छेत्री ने 16 रन बनाए। इसके बाद तेजल और राघवी बिष्ट ने चौथे विकेट के लिए 103 रन बनाकर पारी को संभाला। तेजल ने 50 और राघवी ने 53 रन बनाये। वहीं सजीवन सजना ने 40 और कप्तान मिन्नू ने 34 रन बनाए। इस प्रकार इंडिया ए महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट पर 243 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से मेटलन ब्राउन ने 3 जबकि निकोला हैनकॉक और चार्ली नॉट ने 2-2 विकेट लिए।

## द हंड्रेड : दीप्ति ने अंतिम ओवर में छक्का लगाकर लंदन स्पिरिट को जीत दिलायी

**लंदन।** भारत की दीप्ति शर्मा की शानदार बल्लेबाजी से लंदन स्पिरिट ने महिलाओं के द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट को जीत लिया है। टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में स्पिरिट ने वेल्श फायर को हराया। इस मैच में लंदन स्पिरिट को जीत के लिए अंतिम तीन गेंदों पर चार रन चाहिये थे। ऐसे में दीप्ति ने छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। वेल्श फायर ने इस मैच में लंदन स्पिरिट को जीत के लिए 116 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे टीम ने दीप्ति के छक्के के बल पर 2 गेंदें और 4 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। दीप्ति ने इस मैच में 16 रनों की नाबाद पारी खेली।

## न्यूज ब्रीफ

### आईटीएफ जे100 टेनिस टूर्नामेंट : हितेश चौहान और अर्जुन पंडित बने उपविजेता




**मोहाली।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) की डबल्स जोड़ी हितेश चौहान और अर्जुन पंडित ने हाल ही में मिस्र के डकाहलिया में खेले गए आईटीएफ जे100 टेनिस टूर्नामेंट में उपविजेता बने। यह इस जोड़ी का लगातार दूसरा उपविजेता के तौर पर फिनिश है, इससे पहले उन्होंने पिछले हफ्ते काहिरा में हुए आईटीएफ जे100 टूर्नामेंट में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया था। चौथी वरीयता प्राप्त हितेश और अर्जुन को फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त रूसी जोड़ी दिमित्री बर्टसेव और इलिया माटलसेव से सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने मिस्र के करीम माब्रुक और आयद रेदा एज्ज़त को टाई-ब्रेकर में 6-7, 6-4, 10-8 से हराया। क्वार्टरफाइनल में भी जोड़ी को टाई-ब्रेकर में संघर्ष करना पड़ा, जहां उन्होंने मोरक्को के अमीन जामजी और अली मिस्सौम को 6-4, 2-6, 10-2 से मात दी। दूसरे दौर में, उन्होंने यमन के हमूद ऐयाद और मिस्र के यासिन नसीम को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराया।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हीली ने बांग्लादेश में टी20 विश्व कप के आयोजन पर कहा- वहां खेलना मुश्किल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश में आईसीसी टी 20 विश्व कप खेलना मुश्किल लग रहा है, क्योंकि देश हिंसा के बाद के परिणामों और संकटों के मुश्किल दौर से गुजर रहा है, जिसके कारण कई मौतें हुईं और सरकार का तख्ता पलट हो गया। इस साल यह टूर्नामेंट 3 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा टूर्नामेंट के लिए वैकल्पिक स्थल पर निर्णय लिए जाने की उम्मीद है, जिसमें यूएई को पसंदीदा माना जा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में भारत में टूर्नामेंट आयोजित करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। विकल्पों में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के हवाले से हीली ने कहा, मुझे इस समय वहां क्रिकेट इवेंट होते हुए और एक ऐसे देश से संसाधन छीनते हुए देखना मुश्किल लगता है जो संघर्ष कर रहा है। उन्हें मरने वाले लोगों की मदद करने के लिए हर संभव व्यक्ति की आवश्यकता है। मुझे इस समय वहां खेलना मुश्किल लगता है, एक इंसान के तौर पर, मुझे लगता है कि ऐसा करना गलत हो सकता है। लेकिन मैं इसे आईसीसी पर छोड़ती हूं। ऑस्ट्रेलिया अगले सोमवार को विश्व कप के लिए अपनी टीम की घोषणा करेगा। उन्होंने पिछले संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 19 रन से हराकर अपना छठा खिताब जीता था।




### इस बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतकर टीम का सपना पूरा करेंगे : लियोन



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन का कहना है कि उनकी टीम इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतकर पिछले एक दशक का सूखा समाप्त करेगी। लियोन के अनुसार टीम पिछले दस साल से ट्रॉफी को हासिल नहीं कर पायी है पर इस बार उसका ये सपना पूरा किया जाएगा। साथ ही कहा कि अपनी टीम की जीत में वह अहम भूमिका निभाना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2014-15 के बाद से ही अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है। इस दौरान उन्हें अपने घर में भी लगातार दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। 2020-21 में भारत 0-1 से पीछे था और एडिलेड में 36 रन पर ऑलआउट हो गया था लेकिन उसके बाद टीम ने मेलबर्न में जीती और ब्रिस्बेन में जीतकर ट्रॉफी आने नाम की। सिडनी में टेस्ट को बराबरी पर लाने में भारतीय टीम सफल रही। लियोन के अनुसार लगभग हर प्रारुप में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और सभी ट्रॉफी जीती पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीत पाना उन्हें काफ़ी निराशाजनक लगता है। ऑस्ट्रेलिया को एकदिवसीय विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का ख़िताब जिताने वाले कप्तान पैट कमिंस अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने वाली टीम में नहीं रहे हैं।

### आगामी महिला बिग बैश लीग के विदेशी ड्राफ्ट के लिए प्लेयर नामांकित

# हरमनप्रीत, सोफी एक्लेस्टोन, हीथर नाइट के पहले बैच में हुई शामिल

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर, इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन और हीथर नाइट उन क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्हें आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के विदेशी ड्राफ्ट के लिए नामांकित खिलाड़ियों के पहले बैच में शामिल किया गया है।

लीग ने सोमवार को इस साल होने वाले विदेशी ड्राफ्ट के लिए पहले 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पुष्टि की। दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली वनडे और टी20ई गेंदबाज एक्लेस्टोन सबसे अधिक मांग वाले खिलाड़ियों में से एक होंगी, हालांकि वह अपनी फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स द्वारा रिटेन की जा सकती हैं, लेकिन क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के अनुसार, प्री-ड्राफ्ट साइनिंग के दौरान न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर की सेवाएं प्राप्त करने और एलिस पेरी, एलिसा हीली और एशले गार्डनर की ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी के होने से सिक्सर्स को पहले दौर के प्लेटिनम मूल्य पर एक्लेस्टोन को अपने वेतन स्लॉट में फिट करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

शबनम इस्माइल (होबार्ट हरिकेंस), डैनी व्याट (पर्थ स्कॉर्चर्स), लॉरा वोल्वार्ड्ट (एडिलेड स्ट्राइकर्स), एलिस कैप्सी (मेलबर्न स्टार्स), हीथर नाइट (सिडनी थंडर), हरमनप्रीत कौर (मेलबर्न रेनेगेड्स) और सूजी बेट्स (सिडनी सिक्सर्स) भी उन टीमों द्वारा रिटेन किए जाने के पात्र हैं जिनके साथ उन्होंने अनुबंध किया है। ड्राफ्ट के लिए नामांकन अब बंद हो चुके हैं, 500 से अधिक पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने इसके लिए अपने नाम दिए हैं।



बारह क्रिकेट सुपरस्टार्स ने नए बहु-वर्षीय, प्री-ड्राफ्ट अनुबंधों के माध्यम से महिला बिग बैश लीग सीजन 10 और बिग बैश लीग सीजन 14 के लिए अपनी क्लब प्रतिबद्धताओं की पुष्टि पहले ही कर दी है। ड्राफ्ट के दौरान, जिन खिलाड़ियों ने खुद को ड्राफ्ट के लिए उपलब्ध कराया है, उन्हें क्लब द्वारा उनके चार विदेशी खिलाड़ी वेतन बैंड में से एक में चुना जा सकता है, जो निम्न है: प्लैटिनम (राउंड 1 या 2), गोल्ड (राउंड 2 या 3), सिल्वर (राउंड 3 या 4) या ब्रॉन्ज़ (केवल राउंड 4)। टीमों के लिए पहले से साइन किए गए खिलाड़ियों के अलावा ड्राफ्ट के जरिए कम से कम दो खिलाड़ियों का चयन करना जरूरी है।

महिला बीबीएल का 10वां संस्करण टी20 विश्व कप फाइनल के एक सप्ताह बाद शुरू होगा, जो 20 अक्टूबर को होगा, और इसका समापन ब्रिस्बेन में भारत के खिलाफ पहले वनडे से ठीक चार दिन पहले होगा, जो 5 दिसंबर को होगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए यह कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। विश्व कप के बाद कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीरीज, जैसे भारत बनाम न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, इन देशों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण बीबीएल से बाहर कर सकती हैं।

## चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले नयी फ्लड लाइट में खेले जाएंगे : पीसीबी



**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) आजकल चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में लगी है। इस आईसीसी टूर्नामेंट की सफल मेजबानी करने में कोई समस्या न आये इसको देखते हुए पीसीबी स्टेडियम में सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही कराची और लाहौर के स्टेडियमों में नयी फ्लडलाइट लगाने जा रहा है। पीसीबी कराची और लाहौर में नए लाइट टावर लगाने के अलावा, व्यस्त घरेलू कार्यक्रम को देखते हुए क्वेटा, एबटाबाद, पेशावर जैसे छोटे स्थानों पर भी फ्लड लाइट लगायेगी। इसके अलावा पीसीबी ने कराची में पहले से लगी फ्लड लाइट को क्वेटा और लाहौर में लगी फ्लड लाइट को रावलपिंडी में लगाने का फैसला किया जिससे लागत कम होगी। वहीं कराची और लाहौर को नये लाइट टावर मिलेंगे। पीसीबी ने अगस्त 2024 और जुलाई 2025 तक के समय के लिए किराये के आधार पर लाइट टावर उपलब्ध कराने के लिए कंपनियों से निविदाएं मांगी हैं। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि इस सब में कितनी लागत आयेगी ये अभी से पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। साथ ही कहा, ''इस प्रक्रिया से हम यह तय करना चाहते है कि घरेलू क्रिकेट के लिए छोटे स्थान भी लाइट टावरों से लैस हों। इसके तहत ही कराची, लाहौर और रावलपिंडी जैसे स्टेडियम जहां अधिकांश अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाते है वहां अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार टावर लगाए जाएंगे।'' पीसीबी ने कहा कि देश में बिजली की कमी को देखते हुए कराची, लाहौर, रावलपिंडी, मुल्तान सहित कई अन्य स्थलों पर जेनरेटर भी लगाये जाएंगे।

# टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने टूर डी पोलोन जीता



**वारसॉ।** टीम विस्मा के डेनिश साइकिलिस्ट जोनास विंगेगार्ड ने रविवार को पोलैंड के क्राको में 81वें टूर डी पोलोन जीत ली है।

विएलिक्ज़्का से क्राको तक 142 किलोमीटर तक फैला अंतिम चरण पेलोटन फ़िनिश के साथ समाप्त हुआ, जिसमें डचमैन ओलाव कूइज (विस्मा-लीज़ ए बाइक) ने स्टेज जीत हासिल की। कूइज ने बेल्जियम के टिम मेर्लियर (सौडल क्विक-स्टेप) और गेरबेन थिजसेन (इंटरमार्चे-वांटी) को पछाड़कर टूर डी पोलोन में अपनी चौथी स्टेज जीत हासिल की, और प्रूडनिक में अपनी पिछली सफलता के बाद इस साल के संस्करण में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। अंतिम दिन विंगेगार्ड ने सामान्य वर्गीकरण में इटली के डिएगो उलिसी पर 13 सेकंड की बढ़त हासिल की।

रविवार की दौड़ बिना किसी बड़े आश्चर्य के हुई, क्योंकि चार साइकिल चालकों ने ब्रेकअवे की शुरुआत की, लेकिन फ़िनिश से तीन किलोमीटर पहले पेलोटन द्वारा उन्हें पीछे कर दिया गया। विंगगार्ड ने आराम से पेलोटन के भीतर फ़िनिश लाइन पार की, जिससे सामान्य वर्गीकरण में उनकी समग्र जीत सुनिश्चित हुई।

इटली के डिएगो उलिसी (यूएई टीम एमिरेट्स) और उनके डच साथी विल्को केल्डरमैन पोडियम पर विंगेगार्ड के साथ शामिल हुए।

विंगेगार्ड ने रेस के बाद मीडिया से कहा, मैं जीत से बहुत खुश हूं। मैंने पोलैंड में प्रतिस्पर्धा करने का फैसला किया क्योंकि यह वर्ल्ड टूर रेस थी। मेरा लक्ष्य सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेना है, इसलिए मैं यहां हूं। मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है। अब थोड़ा ब्रेक लेने का समय है।

## पाक सरकार से नाराज पूर्व हॉकी खिलाड़ी

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ियों ने सरकार पर अपमान करने का आरोप लगाया है। इन हॉकी खिलाड़ियों ने कहा है कि ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज समारोह को लेकर उन्हें जो निमंत्रण दिया गया था। उसे अंतिम समय में वापस ले लिया गया। पूर्व हॉकी खिलाड़ी नदीम काजिम ने कहा कि अतिथि प्रबंधन के नाम पर निमंत्रण पत्र पास लिए जाने से सभी पूर्व खिलाड़ी नाराज हैं।

# रिंकू ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा होने पर कहा, इंडिया में हर पल के लिए आभारी हूं

**मुम्बई।** बल्लेबाज रिंकू सिंह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साल पूरा कर लिया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू ने गत वर्ष आयरलैंड के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था और तब से राष्ट्रीय टीम के साथ उनका सफर शानदार रहा है। एक साल पूरा करने के अवसर पर रिंकू ने अपने इंस्टाग्राम चैनल पर एक खास संदेश लिखा। रिंकू ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, सपने को वास्तविकता में बदलने के एक साल बाद। टीम इंडिया में हर पल के लिए आभारी हूं। जय हिंद।



रिंकू को आईपीएल 2023 में अपने आक्रामक बल्लेबाजी के बाद पहचान मिली थी जिसके बाद उन्हें टीम इंडिया में भी जगह मिली।

रिंकू ने अपने घरेलू क्रिकेट करियर में अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 सहित विभिन्न स्तरों पर उत्तर प्रदेश की ओर से खेला। उन्होंने मार्च 2014 में उत्तर प्रदेश के लिए लिस्ट ए में पदार्पण किया और 2016-17 रणजी ट्रॉफी में अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जगह दिलाई, जहां उन्हें 2017 में किंग्स इलेवन पंजाब और बाद में 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा। आईपीएल में रिंकू को शुरुआत में अपनी जगह बनाने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपना ज़्यादातर समय बाहर बैठकर बिताया। हालांकि 2022 के सीजन में उनकी किस्मत बदल गई, जहां उन्होंने सात मैचों में 34.80 की औसत और 148.72 की स्ट्राइक रेट से 174 रन बनाए। इस प्रदर्शन ने केकेआर के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का ध्यान खींचा जिन्होंने रिंकू की प्रशंसा की और युवा खिलाड़ी की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की।

2023 का सीजन रिंकू के लिए सबसे अच्छा साबित हुआ। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14 मैचों में 59.25 की औसत और 149.52 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाकर केकेआर के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। उनके शानदार फॉर्म ने उन्हें पहचान दिलाई और आखिरकार उन्हें भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल कर लिया गया।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले पाकिस्तान को झटका, तेज गेंदबाज आमिर जमाल चोटिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण को बड़ा झटका लगा है। तेज गेंदबाज आमिर जमाल को फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए पाकिस्तान की लाइनअप पर असर पड़ सकता है।

जमाल, जिन्हें इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलते समय पीठ में चोट लगी थी, को शुरू में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में फिटनेस मंजूरी मिलने तक शामिल किया गया था। हालांकि, 28 वर्षीय खिलाड़ी अपनी पीठ की समस्या से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं और उन्हें पुनर्वास के लिए लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी भेजा गया है।

जमाल के जाने के साथ, बुधवार से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम अब सिर्फ 14 खिलाड़ियों की रह गई है। इससे पहले सप्ताहांत में स्पिनर अबरार अहमद और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कामरान गुलाम को भी टीम से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में पूरी तरह से तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसका नेतृत्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और वापसी कर रहे नसीम शाह करेंगे। तेज गेंदबाजी लाइनअप में खुर्रम शहजाद और मीर हमजा भी शामिल होंगे।



इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने प्रभावशाली पदार्पण के बाद जमाल से अंतिम एकादश में जगह बनाने की उम्मीद थी। उनकी चोट अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के उनके अवसर में देरी करेगी।

वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में छठे स्थान पर काबिज पाकिस्तान का लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीत हासिल करना है ताकि अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में पहुंचने की उनकी संभावना बढ़ सके।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट रावलपिंडी में होगा

**लाहौर।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए मैच स्थल में बदलाव किया गया है और अब ये कराची की जगह पर रावलपिंडी में होगा। पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि कराची के नेशनल स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण ये बदलाव किया गया है। साथ ही कहा कि इस मामले में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बात की गयी थी। पहला टेस्ट 21 अगस्त से रावलपिंडी में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट मैच 30 अगस्त से तीन सितंबर के बीच कराची में खाली स्टेडियम में होगा। पाकिस्तान अगले साल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा और इसी को देखते हुए कराची स्थित नेशनल स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है। पीसीबी की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'हमारे निर्माण विशेषज्ञों ने हमें आयोजन स्थल की तैयारी के लिए समय-सीमा के बारे में बताया है। उन्होंने सलाह दी कि मैच के दौरान निर्माण जारी रह सकता है और इसके शोर से खिलाड़ियों को परेशानी हो सकती है।

# द. अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए रसेल, होल्डर व जोसेफ को आराम

**नई दिल्ली।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की घरेलू टी-20 श्रृंखला के लिए टीम घोषित कर दी है। हरफनमौला खिलाड़ी आंद्रे रसेल सीरीज से बाहर रहेंगे, क्योंकि उन्होंने आराम और रिकवरी के लिए कुछ समय मांगा है।

36 वर्षीय रसेल जून में अपने घरेलू विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज की सुपर आठ तक की दौड़ का हिस्सा थे और हाल ही में द हंड्रेड टीम लंदन स्पिरिट के लिए खेले थे।

रसेल और जेसन होल्डर, जिन्हें टी20आई के लिए भी आराम दिया गया है, सीडब्ल्यूआई विज्ञान और चिकित्सा टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। अल्जारी जोसेफ, जो टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के उप-कप्तान थे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, वे भी आराम करना जारी रखेंगे।

सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग भी इस सीरीज में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह जून में इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज के सुपर आठ मैच के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबर रहे हैं। किंग ने तब से कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है। उनकी अनुपस्थिति में, शाई होप जॉनसन चार्ल्स के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत कर सकते हैं, जबकि रूकी एलिक अथानाज़े भी शीर्ष पर काम कर सकते हैं।

वेस्टइंडीज के व्हाइट-बॉल कोच डैरेन सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम का सामना करना हमारी टीम के लिए अपने खेल की योजना को फिर से बनाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने का एक शानदार अवसर है। हमने हाल ही में उनके साथ खेला है और मिश्रित परिणाम मिले हैं, इसलिए यह एक रोमांचक और महत्वपूर्ण श्रृंखला होनी चाहिए। मुझे हमारे द्वारा चुनी गई टीम पर भरोसा है, और 2026 में अगले टी20 विश्व कप पर नज़र रखने के साथ, मुझे पता है कि खिलाड़ी सफलता के लिए अपनी भूख दिखाने के लिए उत्सुक होंगे।




शिमरोन हेटमायर, जिन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं खेला था, ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। हेटमायर ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में वेस्टइंडीज के लिए टी20 मैच खेला था।

अथानाज़े के साथ, ऑलराउंडर मैथ्यू फ़ोर्ड को 2026 टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। फ़ोर्ड नई गेंद को स्विंग कर सकते हैं और निचले क्रम में छक्के लगा सकता है और सीपीएल में सेंट लूसिया किंग्स में सैमी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर फ़ेबियन एलन टीम में वापस आ गए हैं, जो टी20 विश्व कप के लिए कट से चूक गए थे। वह स्पिन आक्रमण को मजबूत करेंगे जिसमें पहले से ही अकील होसेन, गुडाकेश मोती और रोस्टन चेज शामिल हैं। एलन ने जुलाई में जाफना किंग्स के साथ लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) जीती थी। तरौबा ब्रायन लारा स्टेडियम तीनों टी20 की मेज़बानी करेगा। श्रृंखला का पहला मैच 24 अगस्त, दूसरा 26 अगस्त और तीसरा 28 अगस्त को खेला जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज की टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़े, फैबियन एलन, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# अतीत को भूलो और आगे बढ़ो



कुछ लोग सोचते हैं कि चुपचाप रहना अध्यात्म है। कुछ समझते हैं कि खुशी में रहना ही अध्यात्म है। अध्यात्म इन दोनों का तालमेल है, उसमें बाहर से आप चुप नजर आते हैं, भीतर खुश रहते हैं और भीतर चुप रहते हैं और बाहर से खुश नजर आते हैं!

हमारे जीवन में दो तरह के उत्सव होते हैं। एक जब हम धन्यवाद या आभार प्रकट करते हैं यह किसी ईश्वर के प्रति होता है। दूसरा होता है कि हम अतीत को भुलाकर जीवन में आगे ब?ने का फैसला करते हैं और यह मानते हैं कि जीवन तो अनंत है तो फिर कहीं रुक जाने या बैठ जाने का क्या तुक है। किसी भी तरह जीवन में खुश रहने या खुशी मनाना अच्छा है।

वास्तविक उत्सव तो यही है कि बिना किसी आयोजन के भी आप प्रसन्ना रहते हैं। जब आपका उद्देश्य पवित्र होता है तो उत्सव अपने आप में पूर्ण हो जाता है। तब शरीर, मस्तिष्क और आत्मा आनंद पाती है।

अगर उत्सव आपको अपने आसपास से जोड़ता है, अगर यह आपको दुखद अतीत से मुक्त करता है और भविष्य की उम्मीद बंधाता है तब आप किसी भी अतीत के काम का बोझ नहीं महसूस करेंगे। उत्सव का ही एक तरीका है दूसरों की सेवा करना। यह बहुत ही पवित्र काम है। दूसरों की मदद करने में खुशी की तलाश कीजिए और तब आप निश्चित ही आनंद पाएंगे।

जब किसी भी खुशी में पवित्रता और प्रार्थना जुड़ जाती है तो उसमें गहराई और प्रतिष्ठा आ जाती है। तब वह मस्तिष्क के लिए केवल मनोरंजन और शरीर के लिए रोमांच नहीं रह जाता है बल्कि इनसे बढ़कर वह आत्मा के लिए जरूरी पोषण बन जाता है। किसी भी तरह की ईर्ष्या मन में रखकर खुशी की तलाश नहीं की जा सकती है बल्कि उसे तलाशने के लिए तो आपको उदारता से किसी की मदद के लिए हाथ बढ़ाना होगा।

खुशी तो हमारे जीने का एक ढंग है और खुशी पाने के लिए आपको बहुत सारा पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है। खुशी मिलती है आपके उत्साह और काम करने के ढंग से। जब आप दुखी रहते हैं तभी खुशी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। तब आपको अतीत की दुखद घटनाओं से मुक्त होकर खुशी की तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत होती है। तब आपके पास जो कुछ भी है उसे दूसरों के साथ बांटिए और आप पाएंगे कि आपने खुशी तलाश ली है।

जीवन हमेशा बेहतर दिशा में आगे बढ़ता है। इस सफर में कहीं-कहीं खराब रास्ता भी मिल सकता है लेकिन उन रास्तों से होकर भी आप अंततः तो जीवन में खुशी ही पाते हैं। कठिनाइयों से आप गहराई पाते हैं और खुशी आपको विस्तार का मौका देती है। जो बुद्धिजीवी होते हैं वे अतीत को अपने भाग्य की तरह देखते हैं और भविष्य को चुनाव की आजादी के तौर पर। इसके साथ ही वे अपने वर्तमान में प्रसन्ना रहते हैं। जो दुख को पीठ पर उठाए घूमते हैं वे अपने अतीत के बारे में अक्सर शिकायती रवैया रखते हैं और भविष्य को अपने से दूर पाते हैं। ऐसे लोगों का वर्तमान भी दुखद हो जाता है। यह चुनाव आपके ही हाथ है।

ऐसे सोचिए कि अतीत में जो हमारे साथ हुआ है उसने हमें बहुत कुछ सिखाया है। उसने बताया है कि हमें क्या करना है और क्या नहीं करना है। किसी भी दर्द से गुजरकर हमारे भीतर थोड़ी गहराई ही आती है और खुशी और आनंद हमें जीवन में नई चीजों को देखने और भविष्य के प्रति आशावान रहने का साहस देते हैं।

भविष्य का स्वागत मुस्कुराहट के साथ कीजिए। यह मुस्कुराहट तब आएगी जब आप इस तरह से सोचेंगे कि आपका भविष्य सुंदर ही होगा। अगर आप यह भरोसा नहीं करते हैं कि आगे सबकुछ ठीक होगा तो आप खुशी की ओर कदम नहीं बढ़ा पाते हैं। तब आप असुरक्षा में ही जीते हैं। असुरक्षा के साथ ही लालच पैदा होता है। लालच के साथ स्वार्थ जुड़ जाता है। इसके पीछे-पीछे ही गुस्सा जीवन में आता है। गुस्से के साथ वासना की जगह बन जाती है। इसके पीछे उदासी और दुख जीवन में चले आते हैं। ये सभी एकदूसरे से जुड़े हुए हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि चुपचाप रहना अध्यात्म है। कुछ समझते हैं कि खुशी में रहना ही अध्यात्म है। अध्यात्म इन दोनों का तालमेल है, उसमें बाहर से आप चुप नजर आते हैं, भीतर खुश रहते हैं और भीतर चुप रहते हैं और बाहर से खुश नजर आते हैं! जब आप चुप रहकर खुशी व्यक्त करते हैं तो वह असली उत्सव होता है।


इस खुशी का असर भी ज्यादा होता है। यह एक रहस्य है। रहस्य समझने के लिए नहीं होते बल्कि उनसे प्रेम करना चाहिए। प्रेम भी एक रहस्य ही है, नींद रहस्य है, हमारा मस्तिष्क रहस्य है और हमारे इर्द-गिर्द जो कुछ भी है वह सबकुछ रहस्य ही है। इस रहस्य को जानने की कोशिश दुविधा है लेकिन इसके साथ जीना ही ज्ञान की प्राप्ति है।

कुछ लोग कहते हैं मैं नहीं जानता तो कभी-कभी वे अज्ञानवश ऐसा कहते हैं। लेकिन जिन्हें ज्ञान हो जाता है वे भी कहते हैं, मैं मुझे पता जिसका अर्थ ही दूसरा होता है। इस तरह हर प्रश्न एक आश्चर्य में बदल जाता है। सरल और निर्दोष बनकर इस दूसरी अवस्था में रहो। उसे जिओ और तब आनंद अपने आप पैदा होगा।



श्री श्री रविशंकर

# कर्ली बालों को ऐसे करें सीधा, अपनाएं ये टिप्स



घुंघराले बाल देखने में जितने खूबसूरत लगते हैं। उतने ही इन्हें सुलझाना कठिन होता है।

» महिलाओं के ही नहीं पुरुषों के भी करली बाल होते हैं।

» लोग बालों को सीधा करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं। जब भी बालों को असर नहीं पड़ता।

» करली बालों में कई परेशानियां झलनी पड़ती है। आइए जानते हैं करली बालों को सीधा करने के नेचुरल तरीके...

## 1. तेल मालिश



» हल्के गरम तेल से मालिश करके बालों को ठीक करने का सबसे अच्छा तरीका है।

» नारियल, जैतून और बादाम का तेल फायदेमंद होता है।

## 2. एलोवेरा



एलोवेरा के गूदे को निकालकर इसमें तेल मिलाकर बालों में लगाने से आपको बाल चमकदार और सीधे हो जाएंगे।

## 3. मुल्तानी मिट्टी

» मुल्तानी मिट्टी, तेल और चावल का आटा मिलाकर लगाने से बाल सीधे होते हैं।

» इस पेस्ट को लगाने के बाद बालों को मोड़े नहीं।

## 4. अंडे का प्रयोग

» अंडे को फेट कर इसमें ऑलिव ऑयल मिक्स कर लें। इस मिश्रण को बालों में लगाने के थोड़ी देर बाद बालों को शैम्पू कर लें। इससे बालों में चमक आती है और सीधे हो जाते हैं।

# सिरदर्द दूर करने के लिए हर्बस



भागदौड़ भरी जिंदगी, बढ़ते तनाव और ऐसे ही कई अन्य कैरणों के चलते सिरदर्द एक आम समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में लोग अक्सर पेन किलर का सहारा लेते हैं। लेकिन ज्यादा पेन किलर खाने पर रिएक्शन का डर बना रहता है। इसीलिए सिरदर्द दूर करने के लिए आप कुछ प्रभावी हर्ब्स का प्रयोग कर सकते हैं। चलिए जानते हैं कि सिरदर्द के इलाज के लिए कौंन से हर्ब्स मौजूद हैं।

## पैशनफ्लॉवर



परंपरागत रूप से चिंता और अनिद्रा की स्थितियों के इलाज के लिए पैशनफ्लॉवर को जड़ी बूटी के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह सिरदर्द के इलाज में भी कभी कारगर साबित होता है। जैसा की इसके नाम से पता चलता है यह हर्ब बड़ी इच्छाओं के चलते तनाव पूर्ण जीवन बिता रहे लोगों वाले लोगों के नर्वस सिस्टम को शांत कर सिरदर्द जैसी समस्या से बचाने में कारगर होता है।

## वाइट विलो बार्क



अन्य सिरदर्द दूर करने वाली हर्ब्स की तरह वाइट विलो बार्क भी सिरदर्द दूर करने वाली एक कारगर हर्ब है। इस हर्ब को एस्प्रिन सप्लिमेंट में भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन एक एनाल्जेसिक के रूप में यह हर्ब अन्य हर्ब्स की तरह लक्षणों को ना मिटाकर सीधा सिरदर्द को दूर करती है।

## बटरबर और फीवरफ्यू



बटरबर और फीवरफ्यु के बारे में जानने से पहले हमें ये जान लेना जरूरी है कि माइग्रेन और सिरदर्द दो अलग प्रकार की समस्याएं हैं। माइग्रेन सिर में रक्त के प्रवाह में तेजी से बदलाव के कारण होता है और गंभीर सिर दर्द , मतली, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता, और ध्वनि के साथ जुड़ा हुआ होता है। जबकि सिरदर्द माइग्रेन का एक घटक है। बटरबर और फीवरफ्यू दोनों ही बेहतर और नियमित रूप से सिरदर्द के इलाज के लिए उपयुक्त है।

## ब्लेक कॉश



यह एक नेटिव उत्तरी अमेरिकी पौधा है। जिसका गठिया, सिरदर्द आदि के कारगर इलाज के लिए इस्तेमाल किये जाने का इतिहास रहा है। क्योंकि इस जड़ी बूटी में एस्ट्रोजन प्रभाव होता है, यह महिलाओं के लिए बेहतर है। लेकिन पुरुषों भी इसे कभी-कभी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सरसों के बीज



सरसों सिरदर्द के उपचार में लाभदायक होता है। इसके लिए आधा चम्मच सरसों के बीज का पाउडर, 3 चम्मच पानी में घोलकर नाक पर लगाएं। इससे माइग्रेन और इससे होने वाले सिरदद मे राहत मिलती है।

## अदरक



अदरक एक दर्द निवारक के रूप में भी काम करता है। यदि सिरदर्द हो तो सूखे अदरक को पानी के साथ पीसकर उसका पेस्ट बना लें और इसे अपने माथे पर लगा लें। इसे लगाने पर हल्की जलन जरूर होती है लेकिन यह सिरदर्द दूर करने में सहायक होता है।

## दालचीनी



दालचीनी एक कमाल की हर्बस है, जो कई रोगों के उपचार में लाभदायक होती है। सिरदर्द के उपचार में दालचीनी को पानी के साथ महीन पीसकर कपाल पर पतला लेप करना चाहिए। लेप सूख जाए तो उसे हटाकर दोबारा नया लेप तैयार कर लगाना चाहिए।

## पुष्कर मूल




पुष्कर मूल अर्थात पुष्कर की जड़ सिरदर्द की समस्या होने पर काफी सहायक हो सकती है। इसको चंदन की तरह घिसकर लेप को कपाल पर लगाने से सिर दर्द ठीक होता है। यदि आप घर में हैं और सिरदर्द की समस्या होती है तो इस लेप को लगा कर आराम करें। सिर दर्द जल्द ठीक हो जाएगा।

## प्रिमरोज (पीतसेवती)



अगर आपके पास बहुत काम है, जिसकी वजह से आप अक्सर 12 घंटे तक दफ्तर में बिताते हैं, तो प्रिमरोज सप्लिमेंट्स को रेग्युलर तौर पर लें। इसमें दर्द से आराम देने वाला कंपाउंड फिनायललानीन प्रचुर मात्रा में होता है। यही नहीं, प्रिमरोज कई अन्य बीमारियों में भी इस्तेमाल किया जाता है।

## पिपरमिंट



पिपरमिंट माइग्रेन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। पुराने समय में सिरदर्द के लिए पिपरमिंट ही दिया जाता था। इसलिए यदि आपको सिर दर्द की शिकायत होती है, तो आप इसे चाय में मिलाकर पी सकते हैं। इससे आपको तुरंत आराम मिलेगा।

## कुछ अन्य हर्ब्स

अगर आप पिपरमिंट, कैमामाइल और विलो बार्क को मिला कर चाय पीते हैं, तो आपको सिर दर्द में तुरंत आराम मिलेगा। इसके अलावा लहसुन, अदरक, लाल मिर्च, चेरी, लेवेंडर और सन फ्लॉवर सीड्स आदि हर्ब्स भी सिरदर्द को ठीक करने में सहायक होती हैं।


# मक्खन के चमत्कारी लाभ



मक्खन हर घर में पाया जाता है। मक्खन के बिना भारतीय नाश्ता अधूरा होता है। शायद ही कोई दिन ऐसा होगा जब आप इनसे बच पाती हों। लेकिन कैलरी के लिहाज से कौन ज्यादा हेल्दी ऑप्शन है । यह जानना भी जरूरी है। इस बार जानिए मक्खन सेहत के लिए कितना बेहतर है। इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंटस ज्यादा मात्रा में मौजूद है । इसलिए यह छोटे बच्चों के बढने के लिए बहुत ही लाभकारी है। जिनको लिवर संबंधी समस्या होती है।

# नया स्मार्टफोन लेने के बाद

## सबसे पहले करें ये 6 काम



यदि आप नया स्मार्टफोन खरीद रहे हैं तो आपको उसकी सिक्यॉरिटी के लिए भी जरूर कुछ करना चाहिए। इसके साथ ही आपके स्मार्टफोन में आपसे जुड़ी कई जानकारियां होती हैं, इसलिए आप जब भी कोई नया स्मार्टफोन लें, तो सबसे पहले ये 6 काम जरूर कर लें...

### डिस्प्ले की सुरक्षा से समझौता नहीं

अपने स्मार्टफोन की सुरक्षा के लिए उस पर अच्छी क्वॉलिटी का टेम्पर्ड ग्लास लगवाएं। सामान्य स्क्रीन गार्ड फोन की स्क्रीन को सिर्फ स्क्रैच आदि से बचाता है, लेकिन यदि आपने टेम्पर्ड ग्लास लगवाया है तो फोन गिरने पर भी यह उसकी स्क्रीन की सुरक्षा करता है।

### बैक कवर का इस्तेमाल करें

अपने स्मार्टफोन की बॉडी को स्क्रैच, निशान और डेंट आदि से बचाने के लिए हमेशा अच्छी क्वॉलिटी का ही बैक कवर खरीदें। आप बैक कवर की मदद से अपने फोन को तरह-तरह के स्टाइलिश लुक्स भी दे सकते हैं, हालांकि आपकी प्राथमिकता फोन की सुरक्षा ही होनी चाहिए।

### अपने स्मार्टफोन का बीमा कराएं

आजकल कई कंपनियां यूजर्स को स्मार्टफोन का बीमा कराने का ऑफर कर रही हैं। इसके अंतर्गत फिजिकल डैमेज, लिक्विड डैमेज और किसी मैकेनिकल खराबी के लिए भी बीमा कवर दिया जाता है। अगर कभी समार्टफोन में इस तरह की दिक्कतें आ जाएं तो इससे ग्राहकों को काफी फायदा होता है।

### AppLock का इस्तेमाल करें

अपने निजी मेसेज, फोटो और दूसरे डेटा को दूसरों की नजर से बचाने के लिए आपको AppLock का इस्तेमाल करना चाहिए। आप इसे ऐंड्रॉयड फोन के लिए गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसकी मदद से आप मोबाइल में मौजूद किसी भी ऐप, फोटो गैलरी आदि को लॉक कर सकते हैं।

### फोन के चोरी होने पर ये करें

स्मार्टफोन के चोरी होने या खोने पर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इनसे बचने के लिए अपने ऐंड्रॉयड स्मार्टफोन पर ऐंड्रॉयड डिवाइस मैनेजर ऐक्टिवेट करें। इससे आप स्मार्टफोन की लोकेशन का पता लगा सकते हैं। इसके लिए Google Settings में जाकर स्क्रॉल डाउन करें और Security ऑप्शन पर टैप करें। इसके बाद Android Device Manager पर जाकर Remotely locate this device और Allow remote lock and erase on or off को टिक कर दें। आपको Location की सेटिंग में जाकर Access to my location को भी ऑन करके रखना और फोन में गूगल साइन इन होना चाहिए।

### ऐंटी-मैलवेयर सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल

आपके लिए स्मार्टफोन की स्क्रीन की सुरक्षा की तरह ही उसके डेटा की सुरक्षा करनी भी जरूरी है। नया फोन लेते ही सबसे पहले उसमें ऐंटी वायरस और डेटा सिक्यॉरिटी सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें जिससे मोबाइल के महत्वपूर्ण डेटा और दूसरे सॉफ्टवेयरों की सुरक्षा को कोई खतरा न हो।

# ड्राई फ्रुट्स खाने से होते हैं ये फायदें, जानें किसमें कितना प्रोटीन

आजकल की लाइफ स्टाइल इस तरह हो चुकी हैं कि लोगों को अपनी सेहत का भी ध्यान नही रहता। उन्हें अपनी सेहत के हिसाब से क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए।

लेकिन आज हम आपकी सेहत से जुड़े कुछ खास ड्राई फ्रूट्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको खाने से आपको काफी फायदा होगा। यह दिमाग के लिए टॉनिक का काम भी करते है।

कहते हैं कि दरअसल, सूखे मेवों की तासीर गर्म होती है इसलिए इन्हें भिगोकर खाया जाना चाहिए। क्योंकि इसके छिलके की ऊपरी परत पर दूषित कण होते हैं। मेवों से बने उत्पाद खाने की बजाय इन्हें ऐसे ही खाना चाहिए और बहुत जरूरी है कि इनकी एक सीमित मात्रा का ही उपयोग किया जाए।

मेवों में उच्च मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है इसलिए ऐसे लोग जिन्हें किडनी रोग, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रॉल या पाचन संबंधी रोग हो वे इन्हें डॉक्टरी सलाह के बाद ही खाएं।



## बादाम

कहते हैं बादाम में कैल्शियम,विटामिन ई, विटामिन बी और फाइबर मौजूद होते हैं। जिससे ये सेहत के लिए जितने अच्छे हैं, उतना ही अधिक सेवन सेहत के लिए नुकसानदायी है। इसलिए दिन में 5 बादाम से ज्यादा न खाएं।

## काजू

बादाम के बाद बात करते हैं काजू की। काजू को ड्राय फ्रूट्स का राजा भी कहा जाता है। काजू को प्रोटीन,आयरन, फाइबर और मैगनीशियम का अच्छा स्रोत माना जाता है। काजू का सेवन शरीर को ऊर्जा देने के साथ कई बीमारियों से हमारी रक्षा करता है।

## सूखी अंजीर

मोटापा कम करने में कारगर अंजीर चाहे भूख को नियंत्रित रखने में सहायक होती है लेकिन इसका अधिक सेवन जिगर के लिए हानिकारक हो सकता है। अंजीर बहुत गर्म होती है, इसलिए 5 दाने से ज्यादा न खाएं।

## किशमिश

यदि आपकी याददाश्त कमज़ोर हो गई है और आप भूलने लगते हैं तो किशमिश का सेवन बहुत बढ़िया है। इसे एक बढ़िया एंटीऑक्सीडेंट माना जाता है, जो स्टैमिना बढ़ाता है। परंतु हमेशा इसका सेवन भिगोकर ही करना चाहिए।

## पिस्ता

पिस्ता हृदय रोगियों के लिए बेहद लाभकारी है, यह विटामिन बी-6 का प्रमुख स्रोत है। डाइटिंग कर रही महिलाओं के लिए पिस्ता फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे पेट ज़्यादा देर तक भरा रहता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)